# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 292 । भोपाल, शनिवार 21 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



2 दिन बाद जोर पकड़ेगी ठंड पृष्ठ 3

- विश्व गुरु शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये?
- मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश पृष्ठ 4

- आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, पहली बार तहसील कार्यालय में की व्यवस्था पृष्ठ 6

श्रीहरिकोटा से आज पहली परीक्षण उड़ान भरेगा टीवी-डी1 पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### मोदी आज ग्वालियर आएंगे, सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ग्वालियर आएंगे। श्री मोदी इस दौरान सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, जितेंद्र सिंह, सिंधिया स्कूल के चेयरमैन शामिल रहेंगे। इसके साथ ही सिंधिया स्कूल से ही निकले कई प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया गया कि श्री मोदी शनिवार शाम साढ़े 4 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। स्थापना दिवस समारोह में सिंधिया स्कूल के पूर्व छात्र पार्श्व गायक नितिन मुकेश सहित मीत ब्रदर्स भी शामिल होंगे। समारोह में विद्यार्थियों और अतिथियों सहित करीब 5 हजार लोग मौजूद रहेंगे।

### वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण 28-29 अक्टूबर की रात को शरद पूर्णिमा को लगेगा और यह भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 28 अक्टूबर की आधी रात को चंद्रमा उपछाया में प्रवेश करेगा और ग्रहण की अवधि 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी भागों में दिखाई देगा। इसके साथ चंद्रग्रहण पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, पूर्वी दक्षिण अमेरिका, उत्तर-पूर्वी अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर तथा दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों से दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में दिखाई देने वाला अगला चंद्र ग्रहण सात सितंबर 2025 को होगा और यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा।

### संजय सिंह की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। संजय को ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें 13 अक्टूबर तक ईडी रिमांड में भेज दिया गया था। संजय सिंह ने मामले में गिरफ्तारी और ईडी की दी गई रिमांड को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### विध्वंसक जहाज इम्फाल नौसेना के बेड़े में शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संस्था-शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने नौसेना के लिए विध्वंसक पोत तैयार किया है। प्रोजेक्ट 15 बी क्लास गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का तीसरा स्टील्थ डिस्ट्रॉयर-इम्फाल नौसेना को सौंप दिया गया है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि जहाज का निर्माण स्वदेशी स्टील डीएमआर 249 का उपयोग करके किया गया है। इसे भारत में निर्मित सबसे बड़े विध्वंसक जहाजों में से एक बताया जा रहा है। इसकी कुल लंबाई 164 मीटर है। इम्फाल का डिस्प्लेसमेंट 7500 टन से अधिक है। यानी समुद्र में जहाज परिचालन के दौरान इतनी मात्रा में पानी का विस्थापन होगा।

### मिजोरम के लिए भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। 40 स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य प्रचारक शामिल हैं। मिजोरम में सात नवंबर को मतदान होगा।

### सरकार, भाजपा के प्रचार में सेना का इस्तेमाल गलत : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता कर्नल (अवकाश प्राप्त) रोहित चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाने में सेना के जवानों का इस्तेमाल कर रही है जो अनुचित और पूरी तरह से गलत है। कर्नल चौधरी ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेना का काम देश की सेवा करना है और किसी भी सरकार को अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सेना का काम सरकार और भाजपा का प्रचार करना नहीं है।

---

### सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

# मजदूर को देना होगा 30 लाख मुआवजा

- स्थाई रूप से दिव्यांग होने पर 20 लाख देना होगा
- हाथ से मैला ढोने की प्रथा खत्म करें केंद्र-राज्य सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा। सीवर की सफाई के दौरान कोई सफाईकर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए, जिन्हें पढ़ा नहीं गया। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया। शीर्ष अदालत ने अपने एक बेहद अहम आदेश में कहा कि सरकारी अथॉरिटी को यह तय करना होगा कि इस तरह की घटना न हो और इस तरह के मामले की निगरानी से हाई कोर्ट को नहीं रोका जा सकता है। 13 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह देश भर के राज्यों के सेक्रेटरी के साथ मीटिंग करें और हाथों से मैले की सफाई रोकने को लेकर तमाम पहलुओं पर बातचीत करें। मैन्युअल स्केवेंजर्स (हाथ से मैले की सफाई) को रोकने के लिए कोर्ट ने जल्द से जल्द कदम उठाने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर हाथ से मैले की सफाई रोकने के लिए अर्जी दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में केंद्र सरकार से कहा था कि वह बताए कि इस मामले में बने 2013 के कानून को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र बताए कि 2014 के सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के तहत जारी गाइडलाइंस को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक ऐतिहासिक फैसले में हाथ से (मैन्युल तरीके से) कचरे और गंदगी की सफाई रोकने के लिए तमाम निर्देश जारी किए थे। साथ ही कहा था कि सीवर की खतरनाक सफाई के लिए किसी मजदूर को न लगाया जाए। बिना सेफ्टी के सीवर लाइन में मजदूर को न उतारा जाए। कानून का उल्लंघन करने वालों को सख्त सजा का भी प्रावधान किया गया था।

### उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया आदेश

## हुकमचंद मिल मजदूरों के मुआवजे की राशि 2 सप्ताह में जमा कराएं

**इंदौर, एजेंसी।** उच्च न्यायालय ने हुकमचंद मिल के मजदूरों के मुआवजे की राशि 2 सप्ताह के भीतर जमा कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया है।

राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि वह राशि के भुगतान को तैयार है, लेकिन उसे पर्याप्त समय चाहिए। मजदूरों की ओर से इस पर आपत्ति लेते हुए वकील ने तर्क रखा कि मजदूर 32 वर्ष से न्याय के लिए भटक रहे हैं। मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिल चुकी है तो भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। अदालत ने वकील का तर्क सुनने के बाद सरकार को 2 सप्ताह के भीतर मजदूरों के भुगतान के लिए स्वीकृत रकम बैंक में जमा कराने को कहा है। मजदूरों की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट धीरजसिंह पवार ने बताया कि शुक्रवार को हुई सुनवाई में शासन के वकील ने अदालत को बताया कि सरकार 218 करोड़ रुपये जमा करने को तैयार है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त समय दिया जाए। पवार ने इस पर आपत्ति ली और अदालत को बताया कि मजदूर 32 वर्ष से दीपावली नहीं मना पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर 1991 को हुकमचंद मिल बंद हो गया था। इसके बाद से मिल के 5895 मजदूर और उनके परिजन न्याय के लिए भटक रहे थे। वर्ष 2007 में उच्च न्यायालय ने मजदूरों के पक्ष में 229 करोड़ रुपये मुआवजा तय किया था, लेकिन इसमें से 174 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। इस रकम पर ब्याज का भुगतान भी होना है। 4 अक्टूबर 2023 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकार ने मजदूरों के पक्ष में मजदूरों को 218 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्णय लिया था।

---

### कोविंद समिति के साथ रोडमैप साझा करेगा विधि आयोग

# एक देश, एक चुनाव कराने को लेकर राजनीतिक दलों को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विधि आयोग एक साथ चुनाव कराने के अपने रोडमैप को अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के साथ साझा करेगा। समिति ने विधि आयोग को 25 अक्टूबर को आमंत्रित किया है, ताकि वह इस बारे में उसकी राय जान सके कि देश में एक साथ चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं।

उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक में राजनीतिक दलों की राय जानने का फैसला किया था और अब उन्होंने देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनकी राय जानने के लिए उन्हें पत्र लिखा है। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भेजे पत्र में उसने परस्पर सहमति वाली तारीख पर उनके साथ बातचीत की मांग की है। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाला विधि आयोग कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि ये चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक समान मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है ताकि लागत और मानवशक्ति (मैनपावर) के इस्तेमाल को कम किया जा सके। 2029 से राज्य और लोकसभा दोनों के चुनाव एक साथ कराने के लिए विभिन्न विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के लिए आयोग विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का सुझाव दे सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार किया जा रहा है कि एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के बाद मतदाता दोनों चुनावों के लिए अपना वोट डालने के लिए केवल एक बार मतदान केंद्र पर जाएं। सूत्रों ने बताया कि चूंकि विधानसभा और संसदीय चुनाव चरणों में होते हैं, इसलिए आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए उन तौर-तरीकों पर काम कर रहा है कि मतदाता दोनों चुनावों के लिए एक से अधिक बार मतदान केंद्रों पर न जाएं। उन्होंने कहा कि आयोग का मानना है कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं और वह इस विशाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए तौर-तरीकों पर काम कर रहा है।

#### राजनीतिक दलों से मांगा गया है समय

समिति द्वारा पार्टियों को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि पार्टियों से 'परस्पर सहमत तिथि' मांगी गई है, ताकि उनके साथ इस पर विचार-विमर्श की जा सके। समिति ने पार्टियों को अगले 3 महीनों में अपने विचार लिखित रूप में भेजने का विकल्प दिया है।

---

### तेलंगाना की चुनावी रैली में राहुल का दावा

# बीआरएस को उखाड़ फेकेंगे

- भाजपा, बीआरएस व एआईएमआईएम मिले हुए हैं
- सोनिया की मदद के बिना नहीं बन पाता तेलंगाना

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि साल 2004 में कांग्रेस ने आपसे तेलंगाना बनाने का वादा किया था। सोनिया गांधी ने तेलंगाना बनाने में आपकी पूरी मदद की। मैं यह भी कह सकता हूं कि अगर सोनिया गांधी ने तेलंगाना की मदद नहीं की होती तो तेलंगाना बनता ही नहीं। राज्य के एक परिवार के पास सारा पैसा जाता है, आपका सारा पैसा केसीआर परिवार को मिलता है। पिछले 10 साल केसीआर ने आपसे पैसा लूटा है। मैं आपको बता रहा हूं, जितने रुपए केसीआर ने आपसे लूटे हैं, उतने रुपए हम आपको वापस देने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने तेलंगाना में अंबेडकर स्टेच्यू सर्कल से लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। राहुल ने जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस के बब्बर शेरों की सरकार होगी। यहां की जनता की सरकार होगी। कांग्रेस के बब्बर शेर बीआरएस की सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। तेलंगाना के सपने को पूरा करने के लिए पहला कदम जाति आधारित गणना है। मोदी और सीएम केसीआर यहां जाति जनगणना नहीं करवाना चाहते हैं। कांग्रेस तेलंगाना का इस सपने को पूरा करके दिखाएगी। मैंने लोकसभा में जाति जनगणना की बात उठाई। लेकिन प्रधानमंत्री ने मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया। राहुल ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा, बीआरएस और एआईएमआईएम पार्टी मिली हुई है। हम जहां भी चुनाव लड़ते हैं, वहां भाजपा की मदद करने के लिए एआईएमआईएम अपने उम्मीदवार खड़े कर देती है। राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली में कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आई तो हल्दी किसानों को 12,000 रुपये से 15,000 रुपए प्रति क्विंटल दाम मिलेगा। तेलंगाना में किसानों को उनकी किसी भी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से प्रति क्विंटल 500 रुपए अधिक मिलेंगे। देश के 90 अफसरों में सिर्फ 3 अफसर ओबीसी वर्ग के हैं, जो देश का केवल 5 प्रतिशत बजट कंट्रोल करते हैं। क्या देश में ओबीसी की अबादी सिर्फ 5 फीसदी है। मोदी आपको ये सच्चाई नहीं बताना चाहते हैं, क्योंकि वह आपकी जेब से पैसा निकालकर अडानी जैसे लोगों की जेब में डालते हैं।

---

### मोदी ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक चलने वाली ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# देश को मिली पहली रैपिड रेल की सौगात

**गाजियाबाद, देशबन्धु।** देश को शुक्रवार को पहली रैपिड रेल रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले चरण के तहत साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उसमें सफर भी किया। मोदी स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए नजर आए वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। मोदी ने कहा कि आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं, न ही मरते-मरते चलने की। शुक्रवार को भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत' ट्रेन राष्ट्र को समर्पित हुई है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। शनिवार से आम नागरिक इस ट्रेन से यात्रा कर सकेंगे। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को 'नमो भारत' का नाम दिया गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल इसका नाम बदलने की घोषणा की थी।

#### मोदी ने भी की यात्रा

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का पहला चरण 17 किलोमीटर लंबा है। यानी अभी यात्री गाजियाबाद के साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक यात्रा कर सकेंगे। साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक का ट्रेन किराया 50 रुपए रखा गया है। वहीं, प्रीमियम कोच के लिए 100 रुपए चुकाने होंगे।

#### हर 15 मिनट में मिलेगी नमो भारत ट्रेन

अब यह ट्रेन हर 15 मिनट में उपलब्ध होगी, लेकिन आगे के स्टेशनों के विस्तार के बाद इस ट्रेन का परिचालन हर 5-5 मिनट में किया जाएगा। इस गलियारे का निर्माण 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से किया जा रहा है। यह ट्रेन गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर से गुजरते हुए एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली से मेरठ पहुंच जाएगी।

---

### 229 प्रत्याशियों में 62 फीसदी टिकट पिछड़ों को दिए

# मप्र में कांग्रेस ने 30 महिलाओं को दिया टिकट

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित करने के मामले में बाजी मार ली है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 229 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। पार्टी ने पिछड़े वर्ग के 62, अनुसूचित जाति के 34 और अनुसूचित जनजाति के 48 लोगों को टिकट दिया है। इनमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 30 है। इस तरह लगभग 14 फीसदी महिलाओं को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। घोषित उम्मीदवारों में 99 उम्मीदवार 50 वर्ष से कम और 178 उम्मीदवार 60 वर्ष से कम आयु के हैं।

दरअसल, राज्य में कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की वकालत करते आए हैं। मगर कांग्रेस की जो सूची आई है, उसमें महिलाओं को उम्मीदवार बनाए जाने का प्रतिशत 14 है। कांग्रेस ने पहली सूची में 144 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था, जिसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 19 थी। कांग्रेस की दूसरी सूची 88 उम्मीदवारों की आई है, जिनमें तीन उम्मीदवारों में बदलाव किया गया है। इसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 11 है। इस तरह राज्य की 229 विधानसभा सीटों के लिए घोषित उम्मीदवारों में महिलाओं की संख्या 30 है। कांग्रेस की दूसरी सूची में जिन 11 महिला उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें चार बुंदेलखंड से हैं। यह हैं, बीना से निर्मला सप्रे, खुरई से रक्षा राजपूत, रहली से ज्योति पटेल, सागर से निधि जैन, बांधवगढ़ से सावित्री सिंह, गाडरवारा से सुनीता पटेल, कुरवाई से रानी अहिरवार, सारंगपुर से कला महेश मालवीय, नेपानगर से गेंदू बाई चैहान, धार से प्रभा गौतम और धोहनी से कमलेश सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

#### कांग्रेस ने जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका दिया

मध्यप्रदेश में पार्टी ने जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने का मौका दिया है। वहीं भगदड़ से जूझ रही भाजपा ने दिल्ली के चेहरों को प्रदेश के मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने टिकट वितरण में सामाजिक समीकरण और लैंगिक समानता का ध्यान रखा है। वहीं अनुभव और युवाओं को पूरा मौका दिया गया है।

---

### विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार एक-दूसरे के सामने ठोक रहे ताल

# जेठ-बहू से लेकर चाचा-भतीजा आमने-सामने

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार भी एक-दूसरे के सामने ताल ठोकते नजर आ रहे हैं, कहीं जेठ और बहू आमने-सामने हैं तो कहीं चाचा और भतीजे के बीच मुकाबला है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होने वाला है।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस तथा भाजपा अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे रहे हैं। कांग्रेस तो 229 स्थान के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, भाजपा अब तक 136 विधानसभा क्षेत्र के लिए ही उम्मीदवार तय कर पाई है। राज्य में वर्तमान में जो स्थिति उभर रही है, उसमें सागर में सबसे रोचक मुकाबला नजर आ रहा है क्योंकि यहां पर भाजपा ने शैलेंद्र जैन तो वहीं कांग्रेस ने निधि सुनील जैन को मैदान में उतारा है। दोनों के रिश्ते को देखें तो शैलेंद्र जेठ हैं वहीं निधि उनके छोटे भाई की पत्नी हैं। कुल मिलाकर यहां मुकाबला जेठ और बहू के बीच है।

इसी तरह देवतालाब में भी रोचक मुकाबला है, जहां विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है तो उनके मुकाबले में भतीजे पद्मेश गौतम पर कांग्रेस ने दावा लगाया है। नाते रिश्तेदारों के बीच मुकाबला पर गौर करें तो डबरा में समधी और समधन के बीच मुकाबला है। यहां भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री इमरती देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस से विधायक सुरेश राजे चुनाव लड़ रहे हैं। यहां से वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी यही मुकाबला था और कांग्रेस के सुरेश राजे जीत हासिल करने में सफल हुए थे। राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए अभी सभी उम्मीदवार घोषित होने के बाद और भी कई रोचक मुकाबले नजर आने वाले हैं क्योंकि भाजपा की ओर से अभी 94 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शेष रह गया है।

## सार समाचार

### मारपीट मामले में फरार स्थाई वारंटी दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट के एक मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। दरअसल आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए एसपी विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में फरार वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी सिलसिले में सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अपराध क्रमांक 923/17 धारा 341, 323, 294, 506 भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 6320/17 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी अतुल पुत्र राजेन्द्र सिंह जाट निवासी राधा कॉलोनी के संबंध में शुक्रवार को सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। वारंटी की उक्त गिरफ्तारी में टीआई श्री भार्गव के अलावा ज्ञानप्रकाश मिंज, जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मणराव कदम एवं सेनिक नितिन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है ।

### गाहोई महिला मंडल ने शिव शक्ति मंदिर पर किया गरबा का आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गहोई महिला मंडल द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। शिवशक्ति मंदिर, प्रेमी कॉलोनी में पहले मां दुर्गा को चुनरी व प्रसाद अर्पण किया गया। इसके पश्चात महिला मंडल के द्वारा कन्या पूजन कर, चुनरी अर्पण कर भोजन कराया गया। इसके पश्चात सभी आयु वर्ग की महिलाओं द्वारा मंदिर में माता के समक्ष गरबा खेला गया। अंत में मा दुर्गा की आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण कर आयोजन का समापन किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, संरक्षक मीरा नीखरा, अध्यक्ष मधु सेठ, सचिव अंजना पहारिया, मनोरमा रावत, रानी बिजपुरिया, नीरू बिजपुरिया, अनीता सांवला, सुनीता सांवला, सुनीता पहारिया, सीमा रावत, नीलम बरसैंया, प्रीति रावत आदि सभी महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### कुंभराज में पुलिस और प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**गुना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनावों एवं त्यौहारों के मद्देनजर जिले में थाना स्तर पर पुलिस व प्रशासन द्वारा फ्लेग मार्च निकाले जा रहे हैं। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बीएसएफ संग शुक्रवार को जिले के कुम्भराज में फ्लेग मार्च निकाला गया। इस मौके पर एसडीएम चांचौड़ा विकास आनंद, एसडीओपी चांचौड़ा दिव्या सिंह राजावत, बीएसएफ के असिस्टेंट कमाण्डेंट शूर्यवीर नेगी, तहसीलदार कुम्भराज सत्येन्द्र गुर्जर, कुम्भराज थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया द्वारा पुलिस तथा बीएसएफ के भारी बल सहित कुम्भराज कस्बे के मुख्य मार्गों से फ्लेग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन से आदर्श आचार संहिता का पालन करने, शांति व्यवस्था बनाए रखने, चुनाव के दौरान निर्भीक होकर मतदान करने तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई।

#### प्रत्याशी घोषित होने के बाद समर्थकों में उत्साह तो विरोधियों ने किया जयवर्धन के समक्ष विरोध

# कांग्रेस ने गुना में खेला युवा चेहरा पंकज पर दांव

**गुना, देशबन्धु।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस ने गुना विधानसभा सीट से युवा चेहरा पंकज कनेरिया को प्रत्याशी घोषित कर दिया। गुरुवार देर रात आई कांग्रेस की दूसरी सूची में पंकज का नाम देख उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इधर टिकट फायनल होते ही विरोध के सुर पर सुनाई दिए। इस दौरान कुछ दावेदारों ने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर की। जबकि पंकज समर्थकों ने टिकट मिलने के बाद जमकर जश्न मनाया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ने भी कांग्रेस के बाद वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया। दरअसल कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से राजनीति शुरू करने वाले पंकज लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय थे। शहरी क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ के चलते उनके समर्थक टिकट के लिए दमदारी से दावेदारी कर रहे थे।

अंत समय सभी वरिष्ठ एवं अनुभवी प्रत्याशी को पीछे छोड़ते कांग्रेस ने युवा चेहरा पंकज पर दांव खेला। गुना सीट से घोषित कांग्रेस उमीदवार पंकज कनेरिया का छात्र राजनीति से गहरा ताल्लुकात रहा है। वह कॉलेज में एनएसयूआई के अध्यक्ष रहे हैं। वहीं आईटी सेल के जिलाध्यक्ष रहे हैं। शिक्षा की बात करें तो वे पोस्ट ग्रेजुएट हैं और वर्तमान में वकालत के साथ कोचिंग के पेशे से जुड़े हैं। फिलहाल पंकज युवक कांग्रेस जिला महासचिव पद पर हैं। टिकट मिलने पर पंकज के समर्थक और मित्रों द्वारा हनुमान चौराहे पर उनका स्वागत किया गया।

**जयवर्धन के समक्ष लगे जिलाध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे :** इधर कांग्रेस से पंकज का टिकट क्लीयर होने के बाद विरोध के सुर भी उठे। टिकट की दावेदारी कर रहे कन्हैयाराम अहिरवार, हरिओम खटीक ने शुक्रवार सुबह हनुमान चौराहे पर जयवर्धन सिंह का काफिला रोककर कांग्रेस प्रत्याशी को बहारी बताते हुए जमकर विरोध जताया। इस दौरान कन्हैयाराम समर्थकों ने टिकट के खिलाफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। यहां जयवर्धन सिंह ने किसी तरह कार्यकर्ताओं और नेताओं को संभाला और संगठन स्तर तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। विरोधियों ने आरोप लगाया कि गुना के व्यक्ति को छोडक़र भिंड के लोगों को गुना सीट से यों टिकट दिया है।

**खटीक ने दिए निर्दलीय चुनाव लडऩे के संकेत :** इधर हरिओम खटीक ने टिकट नहीं बदलने पर निर्दलीय चुनाव लडऩे के साफ संकेत दिए हैं। वहीं कन्हैयाराम के समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी से सामूहिक इस्तीफे होनेकी बात भी कही है। इन सभी की एकराय होकर मांग है कि गुना से लोकल व्यक्ति को टिकट दिया जाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाहर भिंड के व्यक्ति को टिकिट देकर गुना में गुंडागर्दी करवाएंगे, क्या गुना में आपको उम्मीदवार नहीं मिला। जो बाहर के व्यक्ति को उम्मीदवार बना रहे हैं। उन्होंने जयवर्धन के समक्ष शिकायत करते हुए कहा कि आपने अशोकनगर में भी अहिरवार समाज को टिकिट नहीं दिया। जब से मेहरबान सिंह धाकड़ अध्यक्ष बने हैं, पार्टी के कार्यकर्ताओं को नाराज कर रहे हैं। उम्मीदवारों ने इस मौके पर जयवर्धन सिंह के सामने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष धाकड़ व नेता मुर्दावाद के नारे लगाए।

## मानव दुर्व्यापर रोकने पुलिस ने चलाया ऑपरेशन स्टॉर्म मेकर्स-2

**गुना, देशबन्धु।** मानव दुर्व्यापार से जुड़े अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु गुना पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्टॉर्म मेकर्स-2 अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, होटल आदि पर पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। दरअसल पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में मानव दुर्व्यापार के अपराधों की रोकथाम हेतु ह्यूमन ट्रेफिकिंग एंड स्मलिंग माइग्रेटस यूनिट विषय पर 5 दिवसीय विशेष जन जागरूकता अभियान ऑपरेशन स्टॉर्म मेकर्स-2' चलाया गया। इसी क्रम में जिले के महिला थाना प्रभारी निरीक्षक पूनम सविता द्वारा निर्भया मोबाईल प्रभारी सउनि आशालता पवार व स्टाफ संग गुना शहर के सार्वजनिक स्थलों रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, होटलों आदि पर पहुंचकर लोगों को मानव दुर्व्यापार जैसे संगठित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई।

वहीं इस प्रकार के अपराधों के प्रति सजगता बरतने व इन अपराधों से बचने, इस प्रकार के घटित होने वाले अपराधो के संबंध मे तत्काल पुलिस को अवगत कराने और इस प्रकार के अपराधों को न तो स्वयं करने और न ही दूसरों को करने देने की हिदायत दी गई। साथ ही पुलिस तथा अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाईन नंबर हमेश अपने पास रखने की समझाईश दी गई।

## स्व. श्रीमती नानकीदेवी सलूजा की स्मृति में निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद शिविर आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** लायंस नेत्र चिकित्सालय में स्व- नानकीदेवी सलूजा की तृतीय पुण्य स्मृति पर गुरूद्वारा एवं बूढ़े बालाजी में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व- श्रीमती सलूजा के पुत्र राजेन्द्र सिंह सलूजा, अमरजीत सिंह सलूजा पौत्र अक्कू सलूजा द्वारा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चेयरमेन आलोक अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश सिंघल, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, मदन सोनी, गुलशन डाबर, सुनील अग्रवाल, हरीश रतरा, रमेश खण्डेलवाल, प्रभात गोंडल, नरेन्द्र सिंह छाबड़ा, गुलशन अरोरा द्वारा स्व. श्रीमती सलूजा को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेत्र परीक्षण शिविर में 127 मरीजों का परीक्षण कर 23 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया। जिनके ऑपरेशन नि-शुल्क किए गए। ज्ञातव्य रहे कि लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किन्ही दो जरूरतमंद व्यक्तियों की जिदंगी रोशन कर सकते हैं। साथ ही लायंस नेत्र चिकित्सालय में अब तक 62000 से अधिक के सफल मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया जा चुके है।

#### कन्या के हाथों कराया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

## कारखाने को बंद कराने के पीछे राज परिवार का हाथः हीरेन्द्र

**गुना, देशबन्धु।** भाजपा मंडल राघौगढ़ में भाजपा मंडल बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन राघौगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें विधानसभा भाजपा प्रत्याशी हीरेंद्र सिंह बंटी बना पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी श्री बना के ऊपर फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। राघौगढ़ भाजपा प्रत्याशी श्री बना ने भी कार्यकर्ताओं और लाड्ली बहनों पर फूलों की वर्षा की। राघौगढ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हिरेंद्र सिंह बंटी बना ने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राघौगढ़ राज परिवार पर निशाना साधा और चेतावनी भरे अंदाज में बिना नाम लिए जयवर्धन सिंह को अपनी भाषा शैली सुधारने का मशवरा दिया है। उन्होंने कहा है कि चमचा शब्द का इस्तेमाल करना छोड़ दें। मैंने उनसे कहा था कि आप एक कदम आगे बढ़ोगे तो मैं तीन कदम आगे बढ़ूंगा। उनके दलाल उन्हें उकसाते रहते हैं लेकिन उन्हें क्षेत्र के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। किसानों के बारे में भी कुछ नहीं जानते। विदेश से पढक़र आए हैं उनके विदेशी पढ़ाई यहां काम आने वाली नहीं है। इस मौके पर उन्होंने शक्कर कारखाने को बंद करने के पीछे भी राज परिवार का ही हाथ बताया। उन्होंने कहा कि जिस कारखाने की वैल्यूएशन 56 करोड़ हुई थी उसे 15 करोड़ में नीलाम करने की साजिश रची जा रही थी।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद शक्कर कारखाना फिर से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उन्हें टिकट किले की कृपा से नहीं मिला था बल्कि प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें बुलाकर टिकट दिया था। उनकी योग्यता के आधार पर। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 2 साल के भीतर उन पर जो भरोसा जताया है वह उसपर खरा उतरेंगे। उन्हें भी टिकट मांगने के लिए कहीं जाना नहीं पड़ा बल्कि सर्वे में उन्हें इस लायक समझा और टिकट मिल गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, गोपाल आचार्य, पवन जैन, राघोगढ मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. एकनाथ, वरिष्ठ भाजपा नेता व सभी मोर्चा पदाधिकारी समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद नवरात्रों के शुभ अवसर पर भाजपा प्रत्याशी हीरेंद्र सिंह बंटी दादा भाई ने कन्या के शुभ हाथों से और पूजा अर्चना कर मुख्य भाजपा कार्यालय राघौगढ़ का शुभारंभ किया।

## महिलाओं, युवतियों ने गरबे के माध्यम से की मातारानी की भक्ति

▸ जयश्री गरबा महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर की सांई कालोनी ने जयश्री गरबा महोत्सव का नगर की समाजसेविका डॉक्टर श्रीमति अर्चना सोनी,डॉक्टर श्रीमति नेहा अरोरा,श्रीमति कृष्णा जी सोनी ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी की पूजन, आरती, दीप प्रज्वलन कर किया। बाबा रामदेव मन्दिर के पुजारी रूपकिशोर ने मंत्रोचार के साथ पूजन कार्य सम्पन्न कराया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्तिथ डॉ अर्चना सोनी,नेहा अरोरा,कृष्णा जी सोनी,भजन गायिका वंशिका गोस्वामी, मंच संचालक मयूरी शर्मा, सभी संगीत कलाकारों का जयश्रीगरबा महोत्सव की प्रमुख सुनीता सोनी, आशा सोनी, मधु परमार, अभिलाषा मेवाड़ा, विद्या राठौर, लीला राजपूत, रानी बोहरा, श्वेता पांडे, नेहा सिंह, संगीता संचेती, किरण पारख, राधा भोजवानी, प्रतिभा नागर, पुष्पा पोरवाल, साधना राय, कमला गोखरू, नीलिमा बैरागी, रानी राठौर, रुक्मणी महेश्वरी, सहित अन्य सभी महिला सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ।जयश्री गरबा महोत्सव में प्रथम दिन आज ओपन गरबा रखा गया जिसमें सैकड़ो महिलाओं युवतियों ने गरबे के माध्यम से माता रानी की भक्ति की। गरबे में आज बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही ।उक्त गरबा महोत्सव का यह दूसरा वर्ष है। जयश्री ज्वैलर्स परिवार द्वारा आयोजित उक्त गरबा महोत्सव केवल महिलाओं के लिए सांई कॉलोनी मेंआयोजित किया जाता है। जिसने मंच संचालन से लेकर अंत मे आभार तक कि सभी प्रक्रिया महिला सदस्यो द्वारा ही सम्पन्न कराई जाती है।

### नगर मे आज 4 घंटे सप्लाई बंद रहेगी

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के आज कई मोहल्लो में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। क्योकि विद्युत विभाग द्वारा कुछ कार्य किए जाना है। इसलिए 33 केवी लाइन का परमिट होने के कारण सभी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। इसलिए कन्नौद रोड फीडर, अलीपुर फीडर, न्यू बस स्टैंड फीडर, कॉलेज फीडर, सेमनरी फीडर सप्लाई बंद रहेगी। सिविल हॉस्पिटल, वाटर प्लांट आदि सभी उपभोक्ताओं की सप्लाई बंद रहेगी। एई योगेंद्र साहू ने बताया कि नगर के न्यू बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, बड़ा बाजार, बुधवारा, नज़र गंज,नई सब्जी मंडी, पुरानी सब्जी मंडी, गल्ला मंडी, किला, लंगापुरा, कॉलोनी चौराहा, शास्त्री कॉलोनी, मालवीय नगर, विजय नगर, इंदिरा कॉलोनी, चंदन नगर, आदर्श कॉलोनी, अंजनी नगर, मेवाड़ा कॉलोनी, शान्ति नगर, मुकाती एवेन्यू, अमन रेसिडेंसी संपूर्ण अलीपुर डोराबाद, कॉलोनी, डाबरी कॉलोनी,अटल कॉलोनी, बजरंग कॉलोनी,थाना पार्वती, की सप्लाई बंद रहेगी।

## शतप्रतिशत मतदान हो, सीएमओ ने दिलाई शपथ

**आष्टा, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा नपा के सभाकक्ष मे मतदान सम्बन्धी एवं आदर्श आचार संहिता का अक्षर-सा पालन करने की शपथ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिलाई। मतदान शपथ कार्यक्रम में सीएमओ श्री सक्सेना ने बताया कि 17 नवंबर को सम्पूर्ण प्रदेश सहित आष्टा विधानसभा में वोटिंग का त्यौहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सक्सेना ने कहा कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों मे मतदान के प्रति जागरूकता लाने के प्रयास किए जाये. साथ ही 80 वर्ष से अधिक के मतदाताओं को भी मतदान करने का संदेश दिया गया। वही शपथ के पश्चात् मतदाता जागरूकता एवं शत प्रतिशत मतदान सम्बन्धी खिड़की का विमोचन भी हुआ. इस अवसर पर नगरपालिका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## माता चारो लोको मे पूजनीय है : बैरागी

**सीहोर, देशबन्धु।** नव युवा दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा मंडी क्षेत्र के जनता कालोनी में बने दुर्गा पंडाल में प्रतिदिन सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। इसी के साथ ही समिति द्वारा सात दिवसीय देवी भागवत पुराण का आयोजन भी किया जा रहा है। गुरूवार को कथा के चौथे दिवस आयोजित हुई देवी भागवत पुराण में कथा वाचक पंडित बाबूदास बैरागी ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का कथा के रूप में वर्णन किया। श्री बैरागी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि का चौथा दिन मां कूष्मांडा को समर्पित है। मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं है, जिनमें चक्र, गदा, तीर, अमृत कलश, धनुष, कमंडल और कमल सुशोभित है। मान्यता है किी मां कुष्मांडा देवी की पूजा करने से कष्ट रोग, दुख और संताप का नाश हो जाता है। आगे कहा कि लंका पति रावण के पाप बढ़ने लगे तो मर्यादा पुरषोत्तम श्री राम के रूप मे भगवन विष्णु ने अवतार लिया। और 14 वर्ष का वनवास भोगने वन मे चले गए। जब वन में सीता माता ने जैसे ही लक्ष्मण रेखा पार करने के लिय रेखा पार करने के लिय पैर रखा। सभी देवी देवता प्रसन्न हो गए। संत मुनि प्रसन्न हो गए। क्यों की सभी को रावण का अंत करीब नजर आ रहा था। इसके बाद भगवान श्री राम ने माता सीता के सहयोग से दुराचारी रावण का अंत किया। कथा में आगे श्री बैरागी ने मां शब्त का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने 11 साल 11 महीने 11 दिन मां यशोदा के यहां रहे और भोजन माता यशोदा के हाथ से खाया। फिर 8 पटरानी होने के बावजूद माता देवकी के हाथ से ही बना भोजन किया।

माता की महिमा अपरम पार है, क्यों की शास्त्रों में भी मां की ममता का वर्णन कई बार आता है, इस संसार में केवल माता ही है जो अपनी पूरी ममता और स्नेह अपने पुत्र पर निस्वार्थ रूप से लुटाती है। इसी लिए माता चारो लोक में परम पुज्यनिय है। शुक्रवार को आयोजित हुई कथा में जयपुर राजस्थान से आए श्रद्धालु भी शामिल हुए। और संगीतमय भजनों पर जमकर नृत्य किया। कथा समापन पर कथा में शामिल हुए श्रातोओं को खीर का प्रसाद वितरण किया गया। समिति सदस्यों ने कथा में शामिल हुए श्रोताओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

#### भाजपा की विजय के संकल्प के साथ प्रचार रथ रवाना

# भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

*सीहोर, देशबन्धु। शुक्रवार को सुबह सीहोर विधानसभा कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय ने भाजपा की प्रचंड विजय के संकल्प के साथ प्रचार रथ की पूजा अर्चना के बाद रवाना किया इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण और पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं दोपहर के बाद सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक श्री राय ने जनसंपर्क किया। सुबह हाईटेक प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि यह प्रचार रथ भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।*

*शुक्रवार को दोपहर बारह बजे भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय ने अपने दौरे की शुरूआत मगरदीकला से की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए है। सीहोर विधानसभा सडक़, बिजली, पानी और स्वास्थ्य संबंधी सभी बुनियादी समस्याओं का समाधान किया गया है और कहा कि जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी और जनकल्याण की धारा निरंतर बहती रहेगी।*

*इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता माया राम गौर ने कहा कि विधायक ऐसा हो जो क्षेत्र की गरीबी बेरोजगारी दूर करने में अपनी भूमिका निभाएं और जनता की सुविधाओं को ध्यान रखें और आसानी से जनता को उपलब्ध हो। पिछड़े क्षेत्रों का प्राथमिकता से विकास कराए। यह सभी गुण हमारे भाजपा के प्रत्याशी विधायक सुदेश राय में है जो विगत 10 सालों से क्षेत्र की जनता की सेवा करने के साथ ही विकास पर ध्यान दिया है, आपका वोट बहुत कीमती है इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री राय को अपना आशीर्वाद प्रदान करे। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी विधायक श्री राय ने मगरदीकला, मगरदीखुर्द, चांदबड जागीर, मोतीपुरा, मानपुरा, रावतखेड़ा, आछारोही और छतरपुरा आदि में अनेक जनसभा को संबोधित किया। जनसंपर्क के दौरान विधानसभा प्रभारी भाजपा नेता मायाराम गौर, मांगीलाल मंझेडा, गिरीश सौलंकी, प्रीतम गौर, रामबाबू पाटीदार, दीवान सिंह ठाकुर, जितेन्द्र गौर, बने सिंह गुर्जर, ईश्वर पचौरी, राधेश्याम गौर और लालू बना , द्वारका प्रसाद मीणा, रामनारायण मेवाड़ा, भवानी मेवाड़ा, ओमप्रकाश गौर, ज्ञान सिंह गुर्जर, हेमराज लोधी, पप्पू बना, अनिरुद्ध सिंह बना बलभद्रा सिंह,कमल सिंह,परसराम गौर, उमराव सिंह,ब्रज किशोर मीणा आदि हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी और ग्रामीण शामिल थे।*

# 2 दिन बाद जोर पकड़ेगी ठंड

## 3डिग्री तक लुढ़क सकता है रात का तापमान

**भोपाल, देशबन्धु।** वर्तमान में हवा का रुख बार-बार बदल रहा है। दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी हवा चलने के कारण कुछ नमी आ रही है। इस वजह से राजधानी सहित प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छाने लगते हैं। इससे दिन के तापमान में कुछ गिरावट होने लगती है। अभी दो दिन तक तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना रह सकता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पहुंचेगा। उसके असर से हवाओं का रुख उत्तरी होने से रात के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर भारत पर बना पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ गया है। इस वजह से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। केंद्र के मौसम विज्ञानियों ने बताया कि उत्तरी मध्य प्रदेश पर एक प्रति चक्रवात मौजूद है। उसके प्रभाव से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। वर्तमान में हवा का रुख पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। वहीं आसमान साफ रहने के कारण अभी दो दिन तक दिन के तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना रह सकता है और रात के तापमान में कुछ गिरावट होने के आसार हैं। लेकिन एक पश्चिमी विक्षोभ अभी ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के आसपास है। इसके शनिवार को उत्तर भारत के आसपास सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है और रात के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

उधर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को प्रदेश में सबसे कम 17.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दतिया में दर्ज किया गया। वहीं राजधानी में न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो गुरुवार के न्यूनतम 20.8 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 1.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

## जमीन सौदे के नाम पर महिला शिक्षक के साथ 14 लाख रुपये की ठगी

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार इलाके में एक व्यक्ति ने भूखंड बेचने के नाम पर एक महिला शिक्षक के साथ करीब 14 लाख रुपये की ठगी कर दी। बताया गया है कि भूखंड का अनुबंध तो कर लिया, लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराई। आखिरकार महिला शिक्षक ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी थी। कोलार पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय किरण कोगे हबीबगंज इलाके में रहती हैं तथा एक निजी स्कूल में खेल शिक्षिका हैं। वर्ष 2016 में उन्हें एक भूखंड खरीदना था। कोलार इलाके की कासमास सिटी में उन्हें एक भूखंड पसंद आया तो उन्होंने इसके लिए उस भूखंड के स्वामी विवेक मिश्रा से बात की। कई दिनों की बातचीत के बाद भूखंड का सौदा 14 लाख रुपये में तय हो गया। शिक्षिका के विवेक को देने के लिए पूरा पैसा नहीं था, तो विवेक ने उन्हें ऋण दिला दिया और सौदे के समय भूखंड का अनुबंध किया। साथ ही वादा किया कि जल्द ही इसकी रजिस्ट्री करा दी जाएगी। इसके बाद महिला शिक्षक ने पूरा पैसा दे दिया, लेकिन विवेक ने भूखंड की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। बाद में शिक्षिका ने थाने की शिकायत कर दी। जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# भतीजे की हत्या कर खुदकुशी करने वाले को भाई पर शक था कि वह पिता को भड़काता है

**भोपाल, देशबन्धु।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में मासूम भतीजे की हत्या कर खुदकुशी के मामले में संपत्ति का विवाद सामने आ रहा है। पुलिस को अब तक जांच में पता चला है कि छोटे भाई को शक था कि बड़ा भाई पिता को भड़काता है, इसलिए उसने भाई को सबक सिखाने के लिए भतीजे की जान ले ली। इसके बाद खुद भी खुदकुशी कर ली।

गौरतलब है कि जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में कैसर ताज ने गुरुवार को अपने 7 साल के भतीजे अहमद ताज को पुलिस मुख्यालय के पीछे स्थित खटलापुरा घाट से छोटे तालाब में फेंक दिया था। जब उसे एक युवक ने ऐसा देखा, तो उसने खुद भी तालाब में छलांग लगा दी। इसकी सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। इस मामले में थाना प्रभारी अजय तिवारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि घटना से पहले कैसर का घर पर विवाद हुआ था। दरअसल वह खुद के लिए नया घर दिलाने के लिए दबाव बना रहा था। हालांकि कैसर के पिता ने उसे भरोसा दिलाया था कि जल्द नया मकान दिला देंगे। उन्होंने कैसर के लिए 15 लाख रुपए में एक मकान का सौदा भी कर लिया था पांच लाख रुपए अग्रिम भी दे दिए थे, लेकिन कैसर के बड़ा मकान चाहिए था। उसे शक था कि बड़ा भाई फैसल पिता को भड़काता है। उसी के बहकावे में आकर पिता उसे सस्ता मकान दिलाकर जायदाद में हिस्सा नहीं देंगे।

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में यह भी पता चला है कि कैसर अपने बड़े भाई को सबक सिखाने की नीयत से भतीजे अहमद ताज को स्कूल से छुट्टी से पहले ही उसे अपने साथ ले गया था। पुलिस ने जब कैसर का शव बरामद किया तो जेब से स्कूल से समय पूर्व बच्चे को ले जाने की पर्ची मिली। उन्होंने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है। जांच के बाद मृतक कैसर पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाएगा, जिससे कि इस मामले को खत्म किया जा सके।

## दशहरे पर सरकारी स्कूलों में 3 और केंद्रीय विद्यालयों में 10 दिन की छुट्टी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में दशहरा पर्व पर जहां सरकारी स्कूलों में तीन दिन की छुट्टी रहेगी, जो 23 अक्टूबर से शुरू होगी। वहीं केंद्रीय विद्यालयों में 10 दिन की दशहरे की छुट्टी शुक्रवार से शुरू हो गई है, जो 29 अक्टूबर तक रहेगी। इसके बाद 30 अक्टूबर को इन विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन शुरू होगा। लेकिन केंद्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को दस दिन के छुट्टियों के हिसाब से गृहकार्य दिया गया है। इसमें पाठ्यक्रम के अलावा प्रोजेक्ट कार्य भी दिए गए हैं। वहीं निजी सीबीएसई स्कूलों में दशहरे की छुट्टी 21 से 26 अक्टूबर तक रहेगी। इसके लिए शुक्रवार को विद्यार्थियों को गृहकार्य दिए गए। छुट्टियों को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। उधर स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में दीपावली पर्व पर 10 नवंबर से 15 नवंबर तक छह दिन की छुट्टी घोषित की है। वहीं केंद्रीय विद्यालयों में तीन दिन की छुट्टी रहेगी, जबकि सीबीएसई निजी स्कूलों में पांच दिन की छुट्टी रहेगी।

# ऑयल गिराकर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में ऑयल गिराकर चोरी करने वाले शातिर जालसाज को हनुमानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में तीन वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। उसकी निशानदेही पर दो लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया गया है, जो उसने हनुमानगंज इलाके से दो कारों से उड़ाया था।

डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक भोपाल रेल्वे स्टेशन के आसपास हाथ मे कत्थाई रंग का लेदर का बैग लिए समानान्तर रोड ईरानी डेरे के पास खड़ा है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम शिवम जाधव पिता मुनियप्पा जाधव उम्र 19 वर्ष निवासी रतलाम रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म 1 के पास झुग्गी बताया। बैग की तलाशी में उसके पास पेन ड्रायव, हार्ड डिस्क, चार्जर मिला। आरोपी ने बताया कि यह बैग बीते 13 अक्टूबर को स्टेशन तरफ जाने वाली सफेद रंग की गाड़ी से चोरी किया था। इसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी का लेपटाप , हार्डडिस्क, पेन ड्राईव, चार्जर व आधार कार्ड की छाया प्रति बरामद की गई। वहीं पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 2 अक्टूबर और 14 अक्टूबर को भी हनुमानगंज इलाके में दो कारों से लाखों रूपए का माल चोरी किया था। इन वारदातों को उसने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। इनमें से एक दवा कारोबारी 72 वर्षीय रंजीत सिंह बग्गा की कार से ऑयल गिराने के बाद रसायन छिड़ककर कार में धुआं कर दो लाख रुपए की चोरी करने की बात को भी स्वीकार की। तीनों वारदातों में यह सबसे बड़ी चोरी थी। इस मामले में पुलिस आरोपी के कब्जे से माल बरामद नहीं कर सकी है। लिहाजा पुलिस उसके फरार साथियों के संबंध में पूछताछ कर उनकी तलाश कर रही है।

## पिस्टल और कट्टे सहित 2 बदमाश धराए

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने करोंद से पिस्टल और कट्टा लेकर घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि करोंद में स्थित दशहरा मैदान में एक युवक भरी हुई पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल मिली। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अल्ताफ अली उर्फ शानू पिता मोह.मुश्तकीम अली उम्र 28 वर्ष निवासी म.317 आवास विकास नगर ईरानी डेरे के पीछे हाउसिंग बोर्ड का होना बताया। साथ ही उसने पुलिस को बताया कि उसने यह पिस्टल गौतम नगर में रहने वाले मोहम्मद अनस उर्फ दाना से खरीदी है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर अनस को भी पकड़ लिया। पुलिस को उसके पास से एक देसी कट्टा मिला। पुलिस का कहना है कि अब अनस से यह पूछताछ की जा रही है कि उसके पास दोनों हथियार कहां से आए थे। बताया गया है कि अनस गौतम नगर थाने का निगरानी शुदा बदमाश है।

# बार में मिली थी अवैध बीयर, एक दिन के लिए लाइसेंस हुआ निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** आबकारी विभाग की टीम ने कटारा हिल्स इलाके में स्थित ड्रिंक हिल बार में अवैध बीयर बरामद करते हुए प्रकरण दर्ज किया था। मामला जब कलेक्टर न्यायालय में पेश किया तो कलेक्टर ने नोटिस जारी कर संचालक से जवाब मांगा था, लेकिन वह संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग ने एक दिन के लिए बार का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 16 अगस्त को ड्रिंक हिल रेस्तरां एंड बार में टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए बीयर की 63 बोतलें बरामद की थीं। इनके बारे में संचालक के पास कोई जानकारी नहीं थी। इससे आबकारी विभाग ने प्रकरण बनाकर कलेक्टर न्यायालय में पेश कर दिया था। न्यायालय ने बार संचालक मयंक चावला को नोटिस देते हुए जवाब मांगा था, लेकिन वह कोई उचित जवाब नहीं दे पाया। इस पर बार के लाइसेंस को शुक्रवार के लिए निलंबित किया गया। वहीं अब अवैध बीयर को नष्ट करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

### 5 रुपये अधिक में बेची बीयर, 10 हजार का जुर्माना

उधर आबकारी से मिली जानकारी के अनुसार नेहरू नगर स्थित शराब दुकान पर आठ अगस्त को टीम ने छापामार कार्रवाई करते की बीयर की बोतल 210 रुपये में बेची जा रही थी, जबकि उसका निर्धारित मूल्य 205 रुपये है। इस मामले में आबकारी विभाग ने प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में पेश किया था। कलेक्टर ने दुकान ठेकेदार लाइसेंसी मेसर्स ग्वालियर लिकर्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन वह स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। इस पर शनिवार के लिए उक्त शराब दुकान का लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माने की कार्रवाई की गई।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह में बैरसिया में कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मप्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज भोपाल के बैरसिया सिविल अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह में आज पांचवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बौरासिया सिविल अस्पताल की सीबीएमओ डॉ पुष्पा गुरु के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न मानसिक व नशा संबंधी समस्याओं और तनाव व आत्महत्या जैसी समस्याओं की स्क्रीनिंग कर पीड़ितों को उपचार व मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ साथ मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों और मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के विषय में सवा सौ से अधिक आशाओं और नर्सिंग छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के केयरगिवर्स का भी उन्मुखीकरण किया गया व मानसिक स्वास्थ्य और टेलीमानस कार्यक्रम पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश चिकित्सालय केमानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ आर के बैरागी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सा मनोवैज्ञानिक राहुल शर्मा, मानसिक रोग नर्सउपेंद्र सिंह कंसाना, मेखला श्रीवास्तव और आराधना द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई और आवश्यकता प्रतीत होने पर लोगों को उपचार और परामर्श दिया गया।कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभागियों के सवालों पर विशेषज्ञों द्वारा उत्तर दिए गए।

# सांस्कृतिक सिंधी गरबे में जमकर थिरके प्रतिभागी

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सांस्कृतिक सिंधी गरबा महोत्सव के दूसरे दिन लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में गरबा का उत्साह कई गुना ज्यादा देखने को मिला।

इस दौरान सिंधी, हिन्दी, गुजराती गीतों की सरगम, और डीजे कपिल सचदेव के रिमिक्स गानों पर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक लय व ताल के साथ कदम से कदम मिलाकर गरबा व डांडिया खनकाने को आतुर दिखाई दिये। यह प्रतिभागी जहां गरबे के रंग में रमे हुये दिखाई दिये तो गरबा देखने आये दर्शक भी अपने आप को थिरकते न रोक सके। गरबे में श्रेष्ठ नृत्य करने वालों को पुरस्कार से नवाजा गया, साथ ही श्रेष्ठ पुरुष, श्रेष्ठ महिला, श्रेष्ठ युगल, श्रेष्ठ समूह के साथ अन्य कई तरह कई पुरस्कार भी मुख्य अतिथियों द्वारा दिये गये।

### सिंधी व्यंजन का स्वाद ले रहे

सांस्कृतिक गरबा फूड जोन में अलग-अलग किस्मों के 70 से अधिक खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाये गये है, जिसमें सिंधी व्यंजन जैसे दाल पकवान, सेल फुल्का, डोडो चटनी, मीठी भोरी, साई भादी इत्यादि लोगों को काफी आकर्षित कर रहे है।

## घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना

**भोपाल, देशबन्धु।** महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून में पीड़िता को व्यापक प्रावधान है। कई बार अपनों के हिंसात्मक व्यवहार से महिलाओं को स्थाई शारीरिक क्षति हो जाती है।

राज्य सरकार ने घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अब महिला या बालिका को किसी अंग की स्थाई क्षति के फलस्वरूप 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 2 लाख तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर 4 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा । इस मुआवजे के लिए पीड़ित या उसके आश्रित की ओर से घटना के एक वर्ष के भीतर संबंधित क्षेत्र के महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी (संरक्षण अधिकारी) अथवा प्रशासक वन स्टॉप सेंटर को आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ घटना की एफआईआर प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। मेडिकल बोर्ड शारीरिक क्षति का आंकलन कर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति को प्रतिवेदन देगा, जिसके आधार पर समिति द्वारा मुआवजे की स्वीकृति दी जाएगी।

# आज जारी होगी विस चुनाव के लिए अधिसूचना

## 30 तक लिए जायेंगे नामांकन पत्र

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिये विधानसभा निर्वाचन की अधिसूचना शनिवार को जारी होगी और इसके साथ ही उसी दिन से नामांकन प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया शुरू होगी ।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र 30 अक्टूबर तक प्रात:11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। लेकिन 22 अक्टूबर, दशहरा 24 और चतुर्थ शनिवार 28 एवं रविवार 29 अक्टूबर शासकीय अवकाशों में नामांकन पत्र नहीं लिये जायेंगे। वहीं नामांकन पत्रों की संविक्षा 31 अक्टूबर को होगी और इच्छुक प्रत्याशी 2 नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। कलेक्टर ने जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन प्राप्ति स्थल निर्धारित किए है। इनमें बैरसिया विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैरसिया का न्यायालय कक्ष तहसील बैरसिया रहेगा, भोपाल उत्तर विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी हिरदाराम नगर वृत्त का न्यायालय , नरेला विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी गोविन्दपुरा वृत्त भोपाल का न्यायालय कक्ष, दक्षिण-पश्चिम विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (उत्तर) का न्यायालय कक्ष, मध्य विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी शहर वृत्त भोपाल का न्यायालय कक्ष, गोविन्दपुरा विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (दक्षिण) का न्यायालय कक्ष , हुजूर विधानसभा का नामांकन प्राप्ति स्थल न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी हुजूर का न्यायालय कक्ष रहेगा ।

### व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने विधानसभा निर्वाचन के लिये शनिवार से प्रारंभ हो रहे नामांकन पत्र प्राप्ति हेतु निर्धारित स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अवधेश गोस्वामी, एडीएम प्रकाश सिंह चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय सहित संबंधित आरओ उपस्थित रहे।

## नारा एवं निबंध लेखन के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता पर महाविद्यालय में निबंध लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पलता चौकसे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, नोडल अधिकारी डॉ. आर एस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.पी शाक्या एवं निर्णायक मंडल डॉ. प्रमोद वर्मा डॉ.वर्षा जैन, डॉ.अल्पना, डॉ.प्रीति चतुर्वेदी, कैंपस एंबेसडर राकेश पंडित,इरफान अंसारी के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशु जाटव, द्वितीय स्थान अजय विशोपिया, तृतीय स्थान अनुज नामदेव, नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितेश सैनी, द्वितीय स्थान अनुज नामदेव, तृतीय स्थान अभिषेक पटेल, रहे एवं रासेयो स्वयंसेवक रंजीत राठौर, अभिषेक पटेल, शिवांश, विशाल, सौरभ, शिवम विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पुलिस ने गोविन्दपुरा क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रुप से कराने एवं त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्रीमती श्रद्धा तिवारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना गोविंदपुरा से शुरु हुआ और बरखेड़ा पठानी होते हुए अवधपुरी, गांधी मार्केट, पिपलानी होते हुए 100 क्वॉटर, 60 क्वॉटर जेके रोड, इन्द्रपुरी, आनंद नगर, रत्ना गिरी चौराहा, अयोध्या होते हुए नरेला संकरी पर समाप्त हुआ।

# अभिमत

*शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?*

## विश्व गुरू शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये?



पुष्परंजन

**इस समय दो-तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकॉर्डका क्या होगा?**

राष्ट्रपति जो बाइडेन कन्फ्यूड हैं। हमास के हमले के समय बयान देते रहे कि हम नेतन्याहू के साथ हैं। अब बोले कि जिस तरह का हमला गाज़ा में हुआ, उसकी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। भारत की तरह अमेरिका में भी 2024 में चुनाव है। फ़र्क़ इतना भर है कि जिस तरह भारत में इस समय पांच राज्यों में चुनाव है, अमेरिका उस तरह से दो-चार नहीं है। वहां एक राउंड में ही फाइनल चुनाव है। भारत में फाइनल से पहले कई सेमीफाइनल हैं। पीएम मोदी इस समय पांच राज्यों में आहूत सेमीफाइनल की व्यूह रचना में खुद इतना उलझ गये कि सांस लेने तक की फुर्सत नहीं है। संभवत: यही विवशता है कि पीएम मोदी मध्यपूर्व में शांति के लिए लीड नहीं ले रहे हैं।

लेकिन जो बाइडेन की घरेलू राजनीति में इस समय इज़राइल चस्पां है। उन्हें साबित करना है कि वो एक सक्षम नेता हैं। मगर, बाइडन शांति स्थापना से अधिक आग लगाने में माहिर दीखने लगे। अपने घर की समस्याओं को अड्रेस करने में विफल जो बाइडेन एक युद्धकालीन नेता की तरह अचानक से सक्रिय हुए हैं। बावजूद इसके, प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकंस ने 80 साल के जो बाइडेन को एक कमज़ोर, शिथिल और ढीले-ढाले नेता के रूप में उनकी छवि गढ़ने में सफलता प्राप्त की है।

ठीक से देखा जाए तो हर आम चुनाव से कुछ महीने या साल पहले किसी दूसरे ज़मीन पर युद्ध की स्थिति बनती है, और अमेरिका में सत्ता और विपक्ष अपने हिसाब से नैरेटिव गढ़ता है। सन् दो हज़ार से पहले के कालखंड की चर्चा कभी बाद में करते हैं। मार्च 2003 में इराक युद्ध से ही इन्हें समझने का प्रयास करते हैं। तब अमेरिका में उसके अगले साल आम चुनाव था। उसके बाद, 2003 से 2011 तक इराक में युद्ध का सिलसिला चलता रहा, उन नौ वर्षों में अमेरिकी मतदाताओं और टैक्स पेयर्स की आंखों में अमेरिकी नेता धूल झोंकते रहे। 2016 में अमेरिकी आम चुनाव वाले समय सीरिया डिस्टर्ब कर दिया गया। सीरिया 2020 तक गृहयुद्ध में उलझा रहा, इस बीच अफग़ानिस्तान भी एक बड़ा मोर्चा था। अमेरिकी नेता अपनी घरेलू राजनीति को युद्ध के बहाने मज़बूत करते रहे।

इस बार भी विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन रिपब्लिकन की आलोचना से बचने की कोशिश कर रहे हैं। युद्धविराम के लिए दुनिया भर में बढ़ती मांग के बावजूद जो बाइडेन ने गाज़ा के खिलाफइजरायली सैन्य अभियान को अपना समर्थन देने के लिए इस सप्ताह इजरायल का दौरा किया। लेकिन जिस पैमाने पर गाज़ा में नरसंहार हुआ, उसे देखते हुए जो बाइडेन भी चौतरफा दबाव में आ गये लगता है। गुरूवार को उन्हें कहना पड़ा कि ऐसी ग़लती न दोहराई जाए। ऐसे बयान का मतलब यही होता है कि मानवता के विरूद्ध इज़राइल ने अपराध किया है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में बेंजामिन नेतन्याहू पुतिन के बाद इस कालखंड के दूसरे नेता शायद हो जाएं, जिन्हें युद्ध अपराधी घोषित कर गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया जाए।

इस समय दो तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकार्ड का क्या होगा?

अब्राहम अकार्ड की चर्चा से पहले हमें इज़राइल फिलिस्तीन विवाद की टाइम लाइन को संक्षेप में समझ लेना चाहिए। वर्ष 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन ने ऑटोमन साम्राज्य से फिलिस्तीन के बड़े भूभाग को अपने कब्जे में लिया और 2 नवंबर, 1917 की बॅल्फोर घोषणा के तहत यहूदियों को बसने के लिए जगह देने का अहद किया गया। नवंबर 1947 में संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव-181 के तहत फिलिस्तीन के इस भूभाग को यहूदी और अरब राज्य में विभाजित कर दिया गया तथा जेरूसलम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा गया। इस तरह के विभाजन से पूर्वी जेरूसलम सहित वेस्ट बैंक का हिस्सा जॉर्डन के पास और गाज़ा पट्टी का क्षेत्र मिस्र के पास चला गया। फलस्वरूप लगभग-लगभग साढ़े सात लाख फिलिस्तीनी शरणार्थियों ने वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और दूसरे अरब देशों में जाकर शरण ली।

14 मई, 1948 को इजराइल की स्थापना हुई, जो अरबों के लिए अस्वीकार्य था। 8 महीनों तक इजराइल और अरब देशों में युद्ध चला। मध्य-पूर्व के इतिहास में 1967 का 'सिक्स डे वॉर' दर्ज़ है, जिसमें इजराइल ने जॉर्डन, सीरिया और मिस्र को पराजित कर पूर्वी यरुशलम, वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और गोलन पहाड़ी पर कब्जा कर लिया। उसी साल अरब देशों ने खार्तूम बैठक में तीन का प्रस्ताव पेश किये, जिसके अंतर्गत 'इजराइल के साथ कोई शांति नहीं, इजराइल के साथ कोई वार्ता नहीं और इजराइल को किसी प्रकार की मान्यता नहीं' का संकल्प किया गया। यही बुनियादी कारण था कि भविष्य में युद्ध से ही सब कुछ तय करने के रास्ते खुल गये।

15 साल बाद खार्तुम प्रस्ताव को नकारते हुए 1979 में कैंप डेविड समझौते के आधार पर मिस्र ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर इज़राइल को मान्यता दी। उसके प्रकारांतर जॉर्डन ने वर्ष 1994 में इजराइल के साथ सुलह कर लिया। इस बीच इजराइल और फिलिस्तीन ने 1993 और 1995 में ओस्लो समझौते पर हस्ताक्षर किए। लेकिन 2000 के दशक की शुरुआत में जब इजरायल में विद्रोह की एक श्रृंखला शुरू हुई, तो समझौते टूट गए। 13 अगस्त 2020 को इजराइल-यूएई के बीच शांति समझौते की घोषणा हुई, और उसके प्रकारांतर 11 सितंबर को बहरीन-इजराइल समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इन समझौतों में अमेरिका और सऊदी अरब की अहम भूमिका को हम नकार नहीं सकते। मिडिल-इस्ट के ये वो देश हैं, जो अमेरिका के रहमों करम पर चलते रहे हैं।

मिडिल-इस्ट मामलों के जानकारों के अनुसार, सऊदी अरब की सहमति के बगैर बहरीन इस समझौते के लिये आगे नहीं बढ़ सकता था। इसे ध्यान में रखना चाहिए कि वर्ष 2011 में बहरीन में उठे जन-विद्रोह को नियंत्रित करने के लिये सऊदी अरब ने कुवैत और यूएई के साथ अपनी सेना भेजी थी। 2018 में सऊदी अरब ने बहरीन को 10 बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी। 15 सितंबर 2020 को अब्राहम अकॉर्ड पर हस्ताक्षर हुआ था, जिसमें हस्ताक्षर करने वालों में इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन थे। यहूदी धर्म और इस्लाम के बीच विश्वास मज़बूत करने के लिए इस समझौते को अब्राहम के नाम पर रखा गया है, क्योंकि दोनों ही एकेश्वरवाद के समर्थक हैं।

इस तरह के समझौते का ही नतीज़ा है कि दो दिन पहले यूएई के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बावजूद अमीरात और इजरायलियों के बीच आर्थिक संबंध जारी रहेंगे। अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी ने कहा कि कूटनीति और कारोबार का हम मिश्रण नहीं करते। बहरीन और मिस्र भी लगभग इसी लाइन पर दीख रहे हैं। लेकिन इसका साइड इफेक्ट बाहर से यही समझ में आता है कि मुसलमान देश इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के सवाल पर ईरान की तरह आर या पार नहीं हैं।

2017 में प्रधानमंत्री मोदी इज़राइल गये थे, तब उनका ग्रैंड स्वागत हुआ था। मोदी और बीबी की दोस्ती परवान चढ़ती गई। यहां तक कि मोदी की सुरक्षा के वास्ते इज़राइल का श्वान दस्ता दिल्ली आया। भारत ने 1950 में इज़राइल को मान्यता दी थी, और 1992 में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। 2022 में अदानी समूह और एक इजराइली भागीदार ने हाइफा पोर्ट के लिए 1.2 बिलियन डॉलर का टेंडर जीता। कुछ महीनों से भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते के लिए भी बातचीत चल रही है। बेशक, भारत के फिलिस्तीन व इजराइल से संबंध जटिल हैं। भारत फिलिस्तीनियों के समर्थन में कभी-कभार अपनी पुरानी लाइन पर वापिस लौट आता है। भारत के साथ ईरान के भी मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, लेकिन इस समय ईरान जिस इज़राइल को ललकार रहा है, उस तेवर से भारत का इत्तेफ़ाक रखना भी सहज नहीं है।

मिस्र की भी मोदी से निकटता बढ़ी है, जहां वो जून 2023 में काहिरा गये थे। अमीरात और सऊदी अरब 1 अरब 40 करोड़ आबादी वाले भारतीय बाज़ार की उपेक्षा नहीं कर सकते थे। यूएई-भारत के बीच तेल से अलग कमोडिटीज से संबंधित व्यापार 45 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। मोदी ने पश्चिम की ओर देखो नीति को धार देनी चाही, उसी का नतीज़ा था कि वो सऊदी अरब और यूएई जैसे दिग्गज देशों के क़रीब अपनी नीति को ले आये।

मगर, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल में हुआ, उसे शांत करने की पहल में पीएम मोदी पीछे रह गये, इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए। पहले पीएम मोदी ने नेतन्याहू को फोन किया, विदेश मंत्रालय ने इज़राइल के समर्थन में बयान दिया। बाद में फिलिस्तीन के समर्थन की बारी आई, महमूद अब्बास से भी पीएम मोदी ने बात की। यानी, प्रथम ग्रासे दक्षिणपंथी की नीति पर प्रधान सेवक अग्रसर हैं। मगर, हमारी सबसे बड़ी चिंता गाज़ा वाले हिस्से में फंसे भारतीय हैं, जिन्हें निकाल लाने में विदेश मंत्रालय ने विवशता ज़ाहिर कर दी।

विवश हम कूटनीति के मोर्चे पर क्यों हो गये? शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?

pushpr1@rediffmail.com

## बीता सप्ताह

**14 अक्टूबर**

- भारत 2023 ग्लोबल हंगल इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रहा।
- महाराष्ट्र स्पीकर को विधायकों की अयोग्ता मामले में कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते।
- जम्मू कश्मीर के पूंछ जिले में सेना ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा।
- अफगानिस्तान में आए भूकंप से 17 हजार लोग प्रभावित हुए।

**15 अक्टूबर**

- इजरायल के युद्धग्रस्त इलाके से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान।
- विश्वकप क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 8वीं बार शिकस्त दी।
- केंद्र सरकार ने ऐलान किया कि हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस।
- दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडॉग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडॉग आऊटस्टेंडिग लर्न से इविटेंशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा श्रीजा विजेता बनीं।

**16 अक्टूबर**

- छग कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के प्रत्याशियों की सूची नवरात्रि के पहले जारी की। छत्तीसगढ़ के 30 उम्मीवारों की सूची जारी की।
- युद्धग्रस्त इजरायल से ऑपरेशन अजय के तहत दो उड़ानों के जरिए भारतीय दिल्ली पहुंचे।
- मुंबई-नागपुर लमृद्धि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 15 यात्रियों की मौत हो गई।
- 16 अक्टूबर से सेना के शीर्ष कमांडर्स की पांच दिवसीय सम्मेलन शुरु हुआ।

**17 अक्टूबर**

- बहुचर्चित निठारी हत्याकांड के दोषी सुरेन्द्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को इलाहाबाद के उच्च न्यायलय ने बरी कर दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय के गर्भ को समाप्त करने की याचिका खारिज कर दी।
- राजनीतिक दलों के चुनावी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ सुनवाई करेगी।
- बिजनेस हस्ती डेनियल नोबोआ इक्वाडोर के नए राष्ट्रपति चुने गए।

**18 अक्टूबर**

- विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- अगर स्पीकर समय सीमा तय नहीं करते तो कोर्ट तय करेगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया।
- तमिलनाडु के दो फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से दस लोगों की मौत हो गई।

**19 अक्टूबर**

- मोदी सरकार पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी समूह ने 32000 करोड़ का घोटाला किया।
- केंद्र सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया।
- भाजपा सांसद निशिकांत ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया।
- फर्जी डन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को रामपुर की अदालत ने सात साल की सजा सुनाई।

**20 अक्टूबर**

- छत्तीसगढ़ रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर के नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं किया जाएगा।
- दो हजार करोड़ शराब घोटाला कांड के आरोपी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली।
- एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस) के विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में 186 भाजपा विधायक करोड़पति हैं।
- विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि 1 नवंबर 23 तक बढ़ा दी।

## मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश

मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में पिछले दिनों एक अजीब वाक़या हुआ। यहां एक बुजुर्ग को ने एक कैफ़े को आग के हवाले कर दिया। कैफ़े संचालक की शिकायत गिरफ़्तार किये गये इस शख्स ने पुलिस को जो कारण बताया, वह बड़ा ही हास्यास्पद है। उसने कहा कि वह कई दिनों से देख रहा था कि कैफ़े में लड़कियां आती हैं, सिगरेट खरीदती हैं और वहीं खड़े होकर धुआं उड़ाती हैं। यूं खुलेआम लड़कियों के सिगरेट पीने से उसे सख्त ऐतराज़ था और इसी बात के चलते उसने सोचा कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। बस फिर उसने कैफ़े में आग लगा दी। इस मामले ने कोई डेढ़ दशक पहले मैंगलोर में हुई उस घटना की याद दिला दी जिसमें हिंदूवादी संगठन श्रीराम सेने के 40 से भी अधिक कार्यकर्ताओं ने एक पब में जबरदस्ती घुसकर वहां मौजूद लड़कियों के साथ बदसलूकी की थी, यहां तक कि उन्हें ज़मीन पर पटक भी दिया था। इस घटना के बाद श्रीराम सेने के मुखिया प्रमोद मुथालिक ने कहा था, 'जिसने भी यह किया है उसने अच्छा काम किया है। लड़कियों का पब में जाना स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, सेना के सदस्यों ने जो भी किया वह सही था।'

पलाश सुरजन

**मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं।**

ये दोनों मामले बताते हैं कि पिछले डेढ़ दशक में गंगा से लेकर कावेरी तक में चाहे जितना पानी बह गया हो, स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज का रवैया जस का तस है। लगभग हर परिवार ये चाहता है कि उसकी बेटी कल्पना चावला बने लेकिन लक्ष्मण रेखा के भीतर रहकर सीता भी बनी रही। इस अपेक्षा के मुताबिक न चलने पर न जाने कितनी लड़कियों की इज्ज़त की खातिर हत्या कर दी जाती है, जात-बिरादरी से वे बाहर निकाल दी जाती हैं, पैतृक संपत्ति से उन्हें बेदखल कर दिया जाता है और कहीं तो उन्हें मरा हुआ तक घोषित कर दिया जाता है। अंकिता भंडारी जैसे काण्ड समाज की इस धारणा को मजबूती देते हैं कि लड़कियां अगर बाहर हैं और अकेली भी, तो वे सुरक्षित रह ही नहीं सकतीं। लेकिन इसी समाज में वो लोग भी हैं जो बलात्कारियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, दुष्कर्म के आरोपी नेता के लिए तख्तियां लेकर खड़े हो जाते हैं कि हमारा विधायक निर्दोष है। ऐसी दोहरी सोच वाले समाज को लड़कियों का अकेले रहना, अकेले घूमना-फिरना, अपनी मर्जी से अपना साथी चुनना या फिर अविवाहित रह जाना, पान के ठेले पर खड़े होना या जाम लेकर चियर्स कहना भला कैसे रास आयेगा।

कुल मिलाकर परिवार या खानदान की इज्ज़त लड़की को ही बचाना है और संस्कृति की रक्षा का दारोमदार भी उसी पर है। उसके सिगरेट-शराब पीने से ये सब चीज़ें खतरे में आ जाती हैं और अगर उसने ये सबके सामने कर लिया तो शायद प्रलय ही आ जायेगी। खुलेपन के सारे मज़े लड़के लूटें लेकिन लड़कियों को उनका हिस्सा न मिले - श्रीराम सेने जैसे संगठन से लेकर एक अकेले बुजुर्ग तक ये सुनिश्चित करने के लिये तैयार बैठे हैं। दोपहिया वाहन बनाने वाली एक कंपनी ने लड़कियों को लक्ष्य करते हुए नारा दिया था - व्हाई शुड बॉयज़ हैव ऑल द फ़न यानी लड़के ही सारा मज़ा क्यों लें। इंदौर के बुजुर्ग ने जो किया वह महज एक सनक नहीं है, बल्कि एक मानसिकता है जो कहती है - व्हाई शुड गर्ल्स हैव फ़न एट ऑल ! स्त्रियों पर जैसी बंदिशें अफ़गानिस्तान में तालिबानी हुकूमत ने लगाई हैं या ईरान में जिस तरह अपनी आज़ादी के लिये महसा अमीनी जैसी स्त्रियों को अपनी जान की कुर्बानी देनी पड़ी है, इस मानसिकता के चलते वैसी परिस्थितियां अपने यहां भी बन सकती हैं।

ऐसा इसलिए भी कि मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं। इसके लिये फिलहाल एक उदाहरण काफ़ी होगा। श्रीराम सेने के हमले के ख़िलाफ़ महिलाओं के एक समूह ने तब 'पिंक चड्डी अभियान' चलाया था। सर्वथा अनूठे और अहिंसक इस अभियान के तहत देशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं के अधोवस्त्र श्रीराम सेने के दफ़्तर को भेजे गये थे। उसके बाद फिर कभी उस घटना का दोहराव देखने-सुनने को नहीं मिला। वैलेंटाइन डे पर लड़के-लड़कियों के साथ पाए जाने पर उनकी शादी करवा देने की धमकी भी श्रीराम सेने को वापस लेनी पड़ी।

## भारत में महिला श्रम शक्ति की हालत बताने वाला नोबेल पुरस्कार

इस साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। वे इस पुरस्कार को जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला हैं और स्वतंत्र रूप से सम्मानित होने वाली पहली हैं। एकल पुरस्कार विजेता के रूप में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली पहली महिला होना बहुत खास है। नोबेल प्रशस्ति पत्र में उनके पांच दशकों के काम का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए है।' उनके कुछ व्यावहारिक और मूल योगदान अब आम ज्ञान बन गए हैं। ये याद रखने योग्य हैं और जिनकी यहां चर्चा की जा रही है। उनका सबसे महत्वपूर्ण और निश्चित अध्ययन अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी और परिणामों का है। अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं।

उनमें से कुछ की जांच करें तो सबसे पहले यही ज्ञात होता है कि अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी का यू-शेप है। आर्थिक विकास के साथ अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान से औद्योगिक और अंत में सेवा प्रभुत्व वाली हो गई है। कृषि चरण में महिलाएं अपने पुरुषों के साथ खेतों पर काम करती हैं। औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है। अधिक आर्थिक प्रगति के साथ सेवा क्षेत्र हावी होता जा रहा है और जहां महिलाएं अधिक संख्या में भाग लेने में सक्षम हैं। यह यू-आकार (यू-शेप) है- प्रारंभिक चरण में उच्च भागीदारी, इसके बाद औद्योगिक चरण के दौरान कम तथा अधिक समृद्धि होने पर फिर से उच्च। अमेरिकी आर्थिक इतिहास की एक लंबी अवधि में यह क्रम देखा गया है। यह पैटर्न उन देशों में भी देखा जाता है जो इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस प्रकार समय के साथ-साथ दुनिया भर में यह एक पैटर्न है। आश्चर्य नहीं कि अधिकांश अमीर देश, जिनके पास बहुत बड़ा सेवा क्षेत्र है, उनमें उच्च महिला श्रम बल भागीदारी दर (फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट-एफएलएफपीआर) भी होती है। स्वीडन जैसे देशों में यह भागीदारी 85 से 90 प्रतिशत तक हो सकती है। इसका मतलब है कि कामकाजी उम्र में उनकी 90 प्रतिशत महिलाएं या तो भुगतान वाले काम में कार्य कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं। इसके विपरीत भारत में एफएलएफपीआर कम है। कुछ मामलों में यह 20 फीसदी से नीचे है और सभी जी-20 देशों में सबसे कम है। इस पर विवाद रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण में एफएलएफपीआर को 27.7 प्रतिशत बताया गया है। लेकिन इसके बारे में अधिक जानकारी बाद में नीचे दी गई है।



डॉ.अजीत रानाडे

**विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है।**

महिला भागीदारी के यू-शेप का एक और पहलू पूरी अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास प्रक्षेप वक्र (इकॉनामिक डेवलपमेंट ट्रेजक्टरी) के माध्यम से ही न देखते हुए परिवार की आय और सामाजिक रीति-रिवाजों के लेंस के जरिए से भी देखा जाना चाहिए। बहुत गरीब परिवारों की महिलाएं काम करने के लिए विवश हैं। इसलिए कार्यबल की भागीदारी दर अधिक है। जैसे-जैसे परिवार की आय बढ़ती है, महिलाएं पीछे हट जाती हैं और घर के काम और बच्चों की देखभाल करने लगती हैं। अमीर और बहुत अमीर परिवारों के लिए कार्यबल भागीदारी दर फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-आकार का है लेकिन घरेलू आय के संबंध में है। इस पैटर्न को सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा और अधिक विकृत किया गया है। यदि कोई महिला घर से बाहर वेतन के लिए काम कर रही है तो इसे एक सामाजिक कलंक से जुड़ा माना जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि घर का 'आदमी' या तो आलसी है या अपने परिवार के लिए पर्याप्त कमाने में असमर्थ है।

विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है। उच्च शिक्षा (कॉलेज या स्नातकोत्तर) के साथ उनकी भागीदारी फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-शेप है। यह क्रम भारतीय आंकड़ों में भी देखा जाता है। यहां यू-आकार के लिए स्पष्टीकरण श्रम के आपूर्ति पक्ष से नहीं है या यह कि मध्यम शिक्षित महिलाएं काम नहीं करना चाहती हैं। यह वास्तव में श्रम की मांग की ओर से है। हाई स्कूल या मिडिल स्कूल तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं के लिए पर्याप्त और उपयुक्त नौकरियां नहीं हैं। इसलिए नौकरियों के अभाव में वे श्रम बल से बाहर हो जाती हैं।

भारतीय संदर्भों में इस तरह की टिप्पणी सुनना काफी आम है कि 'मेरी बेटी एक अस्थायी नौकरी कर रही है लेकिन जैसे ही उसकी शादी हो जाएगी, वह नौकरी छोड़ देगी।' ऐसा लगता है जैसे नौकरी, शादी और मातृत्व से पहले की बस एक अस्थायी व्यवस्था है। दरअसल, गोल्डिन और अन्य लोगों के काम ने प्रमाणित किया है कि पुराने समय में किस तरह एक वयस्क महिला की प्रमुख कामकाजी उम्र का लगभग 60 प्रतिशत या तो गर्भवती होने या बच्चे का पालन पोषण कराने में खर्च हो जाता था। हमारे दादा-दादी की पीढ़ी को देखें जिसमें एक दर्जन भाई-बहनों वाले परिवार थे। उनकी माताओं की दुर्दशा की कल्पना करें। परिवार नियोजन, विवाह टालने और गर्भधारण के बीच अंतर के कारण यह सब बदल गया। इसके अलावा कुल प्रजनन दर यानी प्राइम एज महिला से पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या में तेजी से गिरावट आई है। गोल्डिन के काम से एफएलएफपीआर को बढ़ाने में गर्भनिरोधक की विशेष भूमिका भी उजागर होती है। उनका काम कार्यस्थल में भेदभाव के खिलाफ और समान वेतन के लिए महिलाओं के संघर्ष को भी कवर करता है। नोबेल पुरस्कार विजेता गोल्डिन के पूरे और समृद्ध काम को एक लेख में वर्णित नहीं किया जा सकता।

गोल्डिन को मिला नोबेल पुरस्कार भारत के लिए इससे अधिक समयानुकूल और प्रासंगिक नहीं हो सकता था। भारत में दो दशकों से एफएलएफपीआर लगातार गिर रहा है हालांकि हाल ही में इसमें कुछ वृद्धि हुई है। 2023 का आर्थिक सर्वेक्षण भी देश भर के उन 12 मिलियन स्वयं सहायता समूहों की मूक क्रांति का दस्तावेजीकरण करता है जो लगभग पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाए जाते हैं। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए हाल ही में लाया गया कानून भी बहुत जल्द नहीं आया है। सरकार के तीसरे स्तर में आरक्षण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए जिसके कारण अधिकांश राज्यों में गांव, शहर और नगर परिषदों और निगमों में सभी निर्वाचित व्यक्तियों में से आधी महिलाएं हैं।

कई कंपनियां महिलाओं को उनकी पहली या दूसरी गर्भावस्था यानी मिड कैरियर के बाद फिर से भर्ती करने की कोशिश करने में सक्रिय हैं। दो कमियां दिखाई देती हैं जिन्हें भारत सरकार को तत्काल भरना चाहिए। पहला पुरुष और महिला श्रम भागीदारी दर (आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 56 और 28 फीसदी) के बीच का अंतर है और दूसरा एक ही काम के लिए पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच का वेतन अंतर है। यदि इन दोनों अंतरों को समाप्त कर दिया जाता है तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में काफी वृद्धि हो सकती है। गोल्डिन को मिले पुरस्कार के कारण ये मुद्दे फिर फोकस में आ गए हैं।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मानक महोत्सव का आयोजन

**रायसेन, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 20 अक्टूबर को मानक दिवस पर मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अनस अहमद अंसारी मैकेनिकल इंजीनियर बंसल स्टील प्लांट मंडीदीप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं अन्य अतिथि के रूप में डॉ अनिल कुमार जुनेजा प्रोफेसर वाणिज्य स्वामी विवेकानंद कॉलेज रायसेन भी उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य डॉ एसपी कोरी द्वारा सभी को बधाई देते हुए मानक महोत्सव की उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के कोर्डिनेटर संस्था के अनुराग जैश व्याख्याता सिविल थे। इस कार्यक्रम का विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा लाभ लिया गया।

### कांग्रेस से गगनेन्द्र उम्मीदवार घोषित, कार्यकताओं ने की आतिशबाजी

**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस की दूसरी सूची में विधानसभा क्षेत्र 147 सिरोंज -लटेरी से कांग्रेस से गगनेन्द्र रघुवंशी को उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस से प्रत्याशी बनाने पर कार्यकताओं व नेताओं ने लिंकरोड स्थित कांग्रेस नेता गगनेन्द्र रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने निवास के बाहर आतिशबाजी कर खुशी मनाई। कांग्रेस नेताओं ने केन्द्रीय नेतृत्व व प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण यादव, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का आभार जताया।

### नशे में बाइक चलाने वाले पर 16 हजार का जुर्माना

**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** थाना भेरुन्दा नगर अंतर्गत 14/10/23 को वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल क्रमांक एमपी 37-एमएक्स-2607 के चालक रमेश पवार पिता गंगा प्रसाद पवार निवासी किसान मोहल्ला नसरुल्लागंज को लहराती हुये मोटर सायकल चलाते पाए जाने पर रोककर चेक करने पर उसके द्वारा अत्यधिक शराब सेवन करना पाया गया तत्पश्चात चालक रमेश पवार का शासकीय अस्पताल से मेडिकल कराया गया एवं मोटर सायकल को जप्त कर प्रकरण तैयार किया जाकर शुक्रवार को न्यायालय भेरुन्दा पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा मोटर सायकल चालक रमेश पवार पर शराब के नशे मे वाहन चलाने पर 16,000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है।

### सरपंच सचिव भ्रष्टाचार कर जेसीबी से कर रहे मनरेगा का काम

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सबलगढ़ तहसील के अंतर्गत रामपहाड़ी गांव में सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा भ्रष्टाचार के चलते मनरेगा का काम मजदूरों से ना कराकर जेसीबी मशीन के द्वारा कराया जा रहा है, जिससे लोगों को काम नहीं मिल रहा और वह घर बैठे हुए हैं। इस संबंध में रामपहाड़ी निवासी देवेंद्र रावत ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। देवेंद्र रावत पुत्र रघुवीर रावत निवासी रामपहाड़ी ने बताया कि सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के द्वारा मजदूरों से काम नहीं कराया जा रहा और अपने चहेतो को काम देकर जेसीबी से कराया जा रहा है। मजदूरों के खाते में रुपए ना डालते हुए अन्य व्यक्तियों के खाते में राशि डाली जा रही है तथा कमीशन लिया जा रहा है। मनरेगा में काम करने वाले मजदूर काम ना मिलने से आर्थिक संकट में है और वह घर बैठे हुए हैं। देवेंद्र रावत ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन देकर तत्काल दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### अधिकारियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाने संबंधी तैयारियों की ली जानकारी

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की विधानसभा चुनाव कार्यों की समीक्षा

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाने संबंधी तैयारियों की भी जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को पूरी सजगता औ रनिष्ठा के साथ निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा एसडीओपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**अधिकारियों और सहायकों को नियुक्त किया:** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य, व्यय, स्वीप एवं पुलिस प्रेक्षकगणों के सहयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर अरविंद दुबे ने लायजनिंग ऑफीसर एवं सहायकों को नियुक्त किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142-सांची एवं 143-सिलवानी के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु भुवन मोहरीर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 141-भोजपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु श्री जलज चतुर्वेदी जिला खेल अधिकारी को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। लायजनिंग ऑफीसरों के साथ सहायकों को भी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त स्वीप प्रेक्षक के लिए श्री विनोद बघेल जिला समन्वयक जिला पंचायत रायसेन को तथा पुलिस प्रेक्षक के लिए श्री प्रदीप रघुवंशी सूबेदार रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

**आज से भरे जाएंगे नाम निर्देशन:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर को प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी।

# रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम में दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत चल रहे 30 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश और 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के नृत्य, गीत गायन और नाटक के माध्यम से प्रशिक्षण में प्राप्त शिक्षा के महत्व स्पष्ट करते हुए मतदाता जागरूकता का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कर्तव्य आईएएस एकेडमी इंदौर से प्रो. मरविन माईकल और संतोष तिवारी ने विद्यार्थियों को लाइफ स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स, लक्ष्य निर्धारण, गोल सेटिंग, टाइम मैनेजमेंट, एटिकेट्स मैनर्स, पब्लिक स्पीकिंग, व्यवहार कौशल, मनी मैनेजमेंट आदि सभी बिंदुओं के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का अत्यधिक उत्साह देखने को मिला और वे कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत लगभग 2 घंटे तक दोनों प्रशिक्षकों के साथ अपनी भविष्य की योजना बनाते दिखे। एक्सपर्ट द्वय ने सभी विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का उत्तर बड़े ही धैर्य पूर्वक और आसान शब्दों में दिया। सभी विधार्थी उनके जवाब से संतुष्ट नजर आए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. साधना कुमारी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. महेश भाबोर ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते है। वहीं डॉ. आर.के.वाखला ने कहा कि रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बहु संख्या में विद्यार्थी और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सोनी मीडिया संयोजक नियुक्त

**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव की दृष्टि से 230 विधानसभाओं के विधानसभा मीडिया संयोजकों की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव पूर्व निगम अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, बुधनी विधानसभा प्रभारी रघुनाथ सिंह भाटी की सहमति से भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने विजय सोनी को बुधनी विधानसभा क्षेत्रका मीडिया संयोजक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा नेताओं का आभार माना है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घोड़ाडोंगरी की बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक राठौर मैरिज लॉन घोड़ाडोंगरी में आज 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आहूत की गई है। बैठक में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ग्रामीण हेमंत वागद्रे, ब्लॉक प्रभारी शांतिलाल तातेड, विधानसभा घोड़ाडोंगरी कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके आदि मौजूद रहेंगे।

## मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन

**सिरोंज, देशबन्धु।** सी.एम. राइज विद्यालय से थाने परिसर तक मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी, लालचंद राजपूत प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज, धीरज मैना स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिका सिरोंज, उमेश कुमार सोनी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, महेश कुमार ताम्रकार प्राचार्य सी एम राईज सिरोंज, केशव शर्मा विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शान मियां, जमशेद खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 6 साल से फरार ईनामी वारंटी को पुलिस ने सीहोर से किया गिरफ्तार

**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को थाने में लंबित गिरफ्तारी व स्थायी वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेशकुमार गर्ग अनुविभागीय विभागीय अधिकारी पुलिस दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भेरुन्दा गिरीश दुबे द्वारा टीम गठित कर 6वर्षो से फरार स्थायी वारंटी सरणाम प्रजापति उम्र 45 वर्ष निवासी शीतल विहार कालोनी सीहोर की तलाश में सीहोर रवाना किया था। टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र कि सहायता से थाना कोतवाली अंतर्गत जिला अस्पताल से वारंटी सरणाम प्रजापति को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की। वारंटी की गिरफ़्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा 1000 नगद राशि का ईनाम घोषित किया गया था। इस कार्रवाई में प्र आर जितेंद्र यादव, प्र आर दिनेश जाट, आर पुष्पेंद्र जाट का विशेष योगदान रहा।

# नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिताओं से वोट डालने किया जा रहा जागरूक

**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिले भर में मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, रैली, दीवार लेखन सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में टेकापार, कातिलताई, थाना सहित अनेक ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आगामी विधानसभा निर्वाचन में दिनांक 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया और शपथ भी दिलाई गई।

# जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, निकाला जुलूस

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के दुर्गा पंडालो के आसपास जुआ चलने की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार रात कई स्थानों पर दबिश दी। जिसमे से पुलिस ने दो स्थानों से सात जुआरियों को पकड़ा। सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 151 की कार्रवाई भी की है और इन्हें पुलिस थाने से तहसील कार्यालय तक जुलूस निकालकर पैदल ले जाया गया। अन्य स्थानों पर भी पुलिस की दबिश से जुआरियों में भय व्याप्त है। एसडीओपी सुरेश पाल सिंह और टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि मां भवानी मंडल के पीछे शास्त्री वार्ड में रविंद्र पिता बंसीलाल सोनी, मनीष पिता गोवर्धन पवार राजीव गांधी वार्ड, अलकेश पिता रामदास पवार भगत सिंह वार्ड को जुआ खेलते पकड़ा गया और उनसे 1890 रुपये जब्त किए गए। वही आंगनवाड़ी केंद्र के सामने बिरुल रोड पर हेमराज पिता होरीलाल नंदपुर आमला, समीर सोनेकर पिता राम कुमार सोनेकर आमला, रमेश पवार पिता हीरालाल पवार गुरुसाहब वार्ड एवम् एक अरुण जुआ खेल रहे थे। इनके कब्जे से 1830 रूपए जब्त किए गए। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर धारा 151 के तहत भी कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि थाने का जेल वाहन खराब होने से इन सभी को पैदल ही तहसील कार्यालय तक ले जाया गया। इससे पुलिस की एक कोशिश यह भी रही कि जुआ खेलने वालो में यह संदेश चला जाये कि जुआरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पुलिस ने की जांच**

# हथियार के जखीरे के साथ बाइक सवार बदमाश गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की नूराबाद थाना पुलिस ने गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान क्षेत्र में अवैध हथियार खपाने बाइक से आ रहे बदमाश को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी बामौर श्रीमती दीपाली चन्दौलिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नूराबाद रामबाबू यादव को मुखविर से सूचना मिली कि एक हथियार तस्कर मुरैना जिले में अवैध हथियारो की बड़ी खेप खपाने के लिए आ रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी नूराबाद रामबाबू यादव एवं सायबर सैल टीम व्दारा मुखबिर के बताये स्थान पिलुआ तिराहा बिचौला मालनपुर रोड पर पहुंचकर फोर्स के साथ चैकिंग लगायी गयी। चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति पीले रंग की शर्ट पहने हुये मोटरसाईकिल से आता हुआ दिखा, जो पुलिस की चैकिंग को देखकर अपनी मोटर साइकिल को बैक करते हुए भागने लगा, तब टीम व्दारा पीछा कर घेरकर पकड़ा तो मोटरसाईकिल चला बदमाश फिर से मोटरसाईकिल को पटककर रोड किनारे खेत की तरफ भागा, जिसे फोर्स की मदद से पकड लिया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम भोलू उर्फ भोले गुर्जर 23 वर्ष निवासी पारसेन जिला ग्वालियर बताया है। पुलिस ने आरोपी की पीठ पर टंगे पिठ्ठु बैग को चेक किया तो बैग मे 17 नग 315 बोर के देशी कट्टे एवं 13 नग 315 बोर के जिंदा राउंड रखे मिले। आरोपी के कब्जे से मिले कट्टे एवं राउंड की मात्रा व्यवसायिक पाए जाने पर पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध धारा 25(1) (ए), 5,25 (1- बी) (ए), 3,26 ए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल एमपी 30 जेडए 5401 को भी बरामद किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामबाबू यादव, उनि, अतुल सिंह, प्रआर, मनोज, दीपक, आर. दीनदयाल, शक्ति, सोनू, भूपेन्द्र, सायबर सैल टीम उनि शिवप्रताप सिंह, उनि अभिषेक जादौन, प्रआर सुदेश आर. रामकिशन, शैलेन्द्र, आर. कुलदीप, राहुल, प्रशांत की सराहनीय भूमिका रही।

**भिंड व ग्वालियर जिले में भी हैं अपराध दर्ज:** पकड़ा गया आरोपी भोलू शातिर किस्म का है, जिस पर जिला ग्वालियर के थाना गोले का मन्दिर, थाना सिरोल व थाना मुरार में अपहरण, लूट, रंगबाजी, फायरिंग कर दहशत फैलाने के अपराध पंजीबध्द है तथा भिण्ड जिले के गोहद थाने में डकैती, लूट, अवैध हथियार संबंधी अपराध पंजीबध्द है। आरोपी व्दारा एक वर्ष पूर्व गोले के मन्दिर क्षेत्र से अपने साथियों के साथ प्रोपर्टी डीलर का अपहरण कर फिरोती की मांग की गई थी। आरोपी से गहन पूछताछ कर अन्य तस्करों के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

## चुनाव में खपाने के लिए लाई गई 80 पेटी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सबलगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार की रात पिपरघान रोड पर बने एक मकान से अवैध शराब की 80 पेटी बराबर की है, जो विधानसभा चुनाव में खपाने के लिए लाई गई थी। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। एसडीओपी सबलगढ बी.पी. तिवारी के निर्देशन में गुरुवार की रात रामनरेश यादव थाना प्रभारी सबलगढ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जितेन्द्र सिंह उर्फ गबडू पुत्र भीम सिंह जादौन निवासी बत्तोखर हाल पिपरघान रोड सबलगढ द्वारा पिपरघान रोड पर बने मकान में विधानसभा चुनाव में खपाने के लिये अवैध रूप से देशी शराब की पेटियां लाकर रखे हुए है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ छापा मारकर कार्रवाई की तो आरोपी के यहां से 80 पेटी (720 लीटर) देशी मदिरा मसाला शराब कीमती करीब 4 लाख रूपये बरामद की गई। सबलगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है तथा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामनरेश यादव, उनि पारथ सिंह परिहार, उनि वीर सिंह जोनवार उनि जे.पी. शर्मा, उनि राजेश कुमार गर्ग, प्र.आर. संतोष कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### नवरात्रि: प्राचीन शीतला माता का मंदिर में हर दिन भक्तों की भीड़

**हरदा / खिरकिया, देशबन्धु ।** नगर के किसान मोहल्ला स्थित करीब 51 साल पुराना प्राचीन शीतला माता मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां नवरात्रि के दौरान रोजाना हजारों की संख्या में भक्त सुबह से ही जल चढ़ाने आते है। नवरात्रि के दौरान रोज शाम को माता रानी का सोलह श्रृंगार किया जाता है। यहां पर पूरे नगर के लोग आकर मत्था टेकते है। वही अष्टमी और नवमीं को हवन होने के बाद विशाल कन्या भोजन का भी आयोजन किया जाता है। मंदिर के सदस्यों ने बताया कि उनके परिवार के लोग पिछली चार पीढ़ियों से मंदिर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। यहां नवरात्रि में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमे दिन में शहर की महिलाएं आकर भगवती के भजन गाते है।

### चेक बाउंस मामले में न्यायालय में सुनाई 6 माह की सजा

**मुलताई, देशबन्धु।** चेक बाउंस के प्रकरण में जेएमएफसी मुलताई ने गायत्री कॉलोनी पांढुरना निवासी कमलेश मानेकर को 6 माह की सजा से तथा 76000 रुपए प्रतिकार राशि से दंडित किया है । परिवादी के अधिवक्ता हरीश शिवहरे ने बताया की अभियुक्त ने एक टेंकर परिवादी कुलजीत सिंह से 72000 में खरीदा था जिसमे से 17000 नगद तथा दिनांक 19/06/18 का 55000 का चेक दिया था। जिसे परिवादी ने भुगतान हेतु प्रस्तुत किया, जो बाउंस हो गया। परिवादी द्वारा दिनांक 25/8/18 को चेक बाउंस का मामला कोर्ट में पेश किया गया। मामले में विचारण के बाद न्यायालय द्वारा 6 माह के साधारण कारावास एवं 76000 रुपए प्रतिकार राशि परिवादी को अदा करने का निर्णय दिया गया।

### निकला जहरीला कोबरा सांप, मचा हड़कंप , सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

मुलताई। ग्राम सावंगा में शुक्रवार दोपहर में अचानक से गोकुल भादे के घर में पानी के टांके में सांप दिखाई देने से टैंक से पानी निकल रही महिला घबरा गई और सांप निकलने की जानकारी परिजनों को दी, जिसके चलते घर में हड़कंप मच गया। तत्काल ही सर्प मित्र श्रीकांत विश्वकर्मा को बुलाया गया, जिस पर उनके द्वारा सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। सर्पमित्र ने बताया कि यह सांप कोबरा प्रजाति का सांप था, जो की अत्यंत विषैला होता है। जिससे काटने से इंसान की मौत भी हो सकती है। इसकी लंबाई करीब 5 फुट थी। जिसका रेस्क्यू करने में करीब 1 घंटे का समय लगा।

### मंदिर में 51 अखंड ज्योत प्रज्वलित की

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के मुख्य मार्ग पर पुलिस थाने के पास स्थित प्राचीन माँ काली मंदिर में नवरात्र के पावन पर्व पर माँ काली की मनमोहक सौम्य रूप धारण की हुई प्रतिमा विराजित की गई है, जो की भक्तो का मन मोह रही है। भक्त पवन पाठेकर ने बताया की यह मां काली का मंदिर अति प्राचीन है जो की नगर का एकमात्र काली मंदिर है। जहा सैकड़ो भक्त प्रात: काल से ही दर्शन करने , जल चढ़ाने , पूजन करने के लिए पहुंचते है, यहां भक्तो का तांता लगा रहता है । मंदिर के पुजारी दिनदयाल यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में 51 अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई है। मन्दिर परिसर को आकर्षक लाईटिंग से सजाया गया है।

# आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, पहली बार तहसील कार्यालय में की व्यवस्था

▸ **प्रशासनिक तैयारियां पूरी, परिसर में 3 वाहन और 5 व्यक्ति कर सकेंगे प्रवेश**

**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है जिसके लिए चुनाव आयोग द्वारा पहली बार तहसील स्तर पर नामांकन जमा करने के निर्देश दिए गए थे जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारी पूर्ण कर ली है निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीम तृप्ति पटेरिया ने बताया कि तहसील कार्यालय का सड़क पर मौजूद मुख्य द्वार 100 मीटर से कम दूरी होने के कारण बंद कर दिया गया है जबकि नगर पालिका की ओर बने द्वारा से ही अब आवाजाही की जाएगी। तहसील परिसर के 100 मी के दायरे में मात्र तीन वाहनों के साथ पांच लोग ही प्रवेश कर पाएंगे अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन भरे जाने के लिए तहसील कार्यालय में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

**तहसील कार्यालय का मुख्य द्वारा किया बंद:** तहसील कार्यालय के मुख्य द्वारा को शुरकवार से बंद कर दिया गया, यहाँ प्रशासन ने एक बोर्ड भी लगाया है, जिसमे लोगो को यह बताया गया है कि तहसील के अंदर से जाने वाला मार्ग कोई आम रास्ता नही है। इधर इस मार्ग की मरम्मत भी करवाई गई है।अभी तक इस मार्ग का इस्तेमाल सभी लोग करते थे। आचार संहिता लगने का बाद इस मार्ग के दोनों ओर सूचना बोर्ड लगाकर लोगो को यह जानकारी दी गई है, कि यह आम रास्ता नही है। इधर बताया जा रहा है कि इस मार्ग का इस्तेमाल लोग मुख्य मार्ग से नगर पालिका और कोर्ट जाने के लिए करते थे, अचानक इस मार्ग के बंद करने से अब लोग बस स्टैंड की ओर से होते हुए कोर्ट और नगर पालिका पहुंच सकते है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी अनामिका सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग की निर्देशन पर पहली बार तहसील कार्यालय में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। अभी तक जिला मुख्यालय पर ही नामांकन पत्र दाखिल किए जाते थे और पूरी प्रक्रिया संपन्न होती थी। चुनाव आयोग के निर्देशन पर तहसील कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### 30 तक जमा किए जा सकेंगे नामांकन

**बैतूल, देशबन्धु।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के नाम निर्देशन पत्र 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 तक प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक परिदत्त किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 31 अक्टूबर को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाएगी। समीक्षा उपरांत नाम निर्देशन वापसी 2 नवंबर को 3 बजे तक कर सकेंगे।

# बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**बैतूल, देशबन्धु।** बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश, अनन्य विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने 20 साल की कठोर सजा सुनाई हैं, साथ ही उस पर जुर्माना भी लगाया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी एसपी वर्मा, वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, अनन्य विशेष लोक अभियोजक ओमप्रकाश सूर्यवंशी द्वारा की गई।

बताया गया कि 23.04.2020 को पीड़िता ने पुलिस थाना कोतवाली बैतूल में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कक्षा 10वीं की पढ़ाई कर रही है। 18.04.2020 को सुबह करीब 10 बजे वह बकरी चराने जंगल गई थी, उसे लौटते समय एक बकरी नहीं मिल रही थी, जिसे वह जंगल में ढूंढ़ रही थी। दोपहर करीब 2 बजे बकरी मिलने पर घर लौट रही थी तभी पीछे से पप्पू मर्सकोले जिसे लोग सुमित के नाम से जानते है, ने उसे अकेला पाकर रास्ता रोका और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मम्मी दौड़ते हुए आ गई। मम्मी को देखकर पप्पू भाग गया। उसने अपनी मां को पूरी घटना बताई। लॉकडाउन के कारण आना-जाना बंद होने के कारण समय पर रिपोर्ट नहीं करा पाई। पीड़िता ने 23.04.2023 को उक्त घटना कि शिकायत की थी, जिस पर आरोपी पप्पू उर्फ सुमित के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र अनन्य विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) बैतूल के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया।

### स्कूल में रेड कलर डे मनाया

**हरदा, देशबन्धु।** सनफ्लावर स्कूल में शुक्रवार को रेड कलर डे मनाया गया। जिसके अंतर्गत प्री-प्राईमरी छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक रेड कपड़े पहनकर आये। बच्चों को लाल रंग के खिलोने, फल, वस्तुओं के माध्यम से कलर की महत्वता बताई गई। प्राचार्या वर्षा त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि लाल रंग शक्ति, एकता और प्रेम का प्रतीक होता है।

# टेनिस टूर्नामेंट में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की छात्रा ने जीता कांस्य पदक

**बैतूल, देशबन्धु।** खेलो इंडिया युथ गेम की तरह ही खेलो एमपी युथ गेम का आयोजन भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में किया गया। जिसमें सतपुडा वैली पब्लिक स्कूल की छात्रा वारी पाटनकर ने राज्य स्तरीय एकल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक एवं 11 हजार रुपये की राशि प्राप्त की। ज्ञात हो कि वारी पाटनकर का स्कूल गेम में भी सलेक्शन हुआ है। वारी की इस सफलता पर स्कूल डायरेक्टर दीपाली निलय डागा, स्कूल प्रिंसिपल जया चक्रवर्ती, मैनेजर शिवशंकर मालवीय सहित सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

### नाले में रखी थी सागौन, आरोपी को कारावास

**बैतूल, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैतूल ने खेत- के समीप नाले में अवैध रूप से सागौन के लट्ठे रखने वाले आरोपी छन्नू पिता मन्नू परते, उम्र-35 वर्ष, निवासी - ग्राम निमिया, थाना बीजादेही, को वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम में दोषी पाते हुए 06 माह का कठोर कारावास एवं 4 हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया गया। प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह द्वारा पैरवी की गई थी। जानकारी के अनुसार 12-03-2017 को वनपरिक्षेत्र अधिकारी सावलीगढ़ को ग्राम निमिया में कुछ व्यक्तियों द्वारा खेत व नाले में सागौन चरपट, लट्ठे रखे होने की सूचना प्राप्त हुई थी, उक्त सूचना के आधार पर एक दल गठित कर वन अमला ग्राम निमिया छन्नूलाल के खेत पर पहुंचा। वन अमले द्वारा खेत से लगे नाले की तलाशी ली गयी, इस दौरान कुल 52 नग सागौन काष्ठ बरामद हुई थी, जिसे मौके पर ही नाप-जौप कर जप्तीनामा तथा मौका पंचनामा तैयार किया गया था।

# विधानसभा क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य करने का प्रयास किया: पंडाग्रे

▸ **भाजपा प्रत्याशी शोभापुर कॉलोनी के शक्ति केंद्र सम्मेलन में शामिल हुए**

**सारनी, देशबन्धु।** आमला विधानसभा क्षेत्र में तीन वर्ष में जितना बेहतर विकास का कार्य किया जाना चाहिए था उतना बेहतर विकास का कार्य करने का प्रयास किया गया है। इस विकास कार्य में भाजपा का छोटा बड़ा हर एक कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह बात अमला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर योगेश पंडाग्रे ने शोभापुर कॉलोनी के शक्ति केंद्र सम्मेलन में कही। यह सम्मेलन शोभापुर कॉलोनी के वीर विष्णु सिंह गोंड वार्ड क्रमांक 30,संजय गांधी वार्ड क्रमांक 33 और जय प्रकाश नारायण वार्ड क्रमांक 35 में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सारनी में 660 मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई देने का सौगात मिली है। इसके अलावा सुखाढाना में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा चुका है। साथ ही विधानसभा चुनाव के बाद सीमेंट फैक्ट्री की सौगात क्षेत्र के लोगों को मिलेगी इससे लगभग 350 से लेकर 700 के बीच युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होगा। आमला विधानसभा क्षेत्र के संयोजक पीजे शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । भाजपा की जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुशासन और लक्ष्य को प्राप्त करने वाली पार्टी है और कार्यकर्ताओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करवाने में हर संभव मदद करना चाहिए हालांकि सारनी मंडल शहरी हर क्षेत्र में दूसरे मंडलों से बेहतर प्रदर्शन करने का कार्यकर्ता है इस बार भी इनके बेहतर प्रदर्शन की संभावना की जाएगी। शक्ति केंद्र सम्मेलन को सारनी मंडल अध्यक्ष नागेंद्र, निगम सुधा चंद्रा सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित करने का कार्य किया शक्ति केंद्र कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे, अजय बग्गा,रविंद्र पासे, सतीश चौरे,संतोष रघुवंशी,भूपेंद्र अमरुते, रामपाल साहू,पंजाब देशमुख,प्रदीप साहू, सुनील सतनकर,शंकर डोंगरे, मोहन मायावड, मदन चौधरी,प्रवीण सूर्यवंशी सहित 200 से अधिक कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला मंडल ने राम मंदिर प्रांगण में किया गरबे का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** नवरात्र के अवसर पर महिला मंडल के तत्वाधान में श्री राम मंदिर प्रांगण में गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहर की महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। रेनू एरोलू ने बताया कि श्री राम मंदिर में महिलाओं के द्वारा गरबा डांडिया और इसके पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। एरोलू ने बताया कि कोमल साहू और भूपेंद्र पाल के निर्देशन में महिलाओं के द्वारा एक से बढ़कर एक गरबा डांडिया की प्रस्तुतियां दी साथ ही शहर की महिलाओं ने अपनी संस्कृति अपनी परंपरा को ध्यान में रखते हुए श्री राम मंदिर प्रांगण में विधि विधान के साथ महा आरती का आयोजन भी किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संचिता गुप्ता,नीलम सिंह,मीनाक्षी दुआ,रेनू एरोलू,नम्रता तिवारी, राजश्री अग्रवाल,निशा पांडे,शकुंतला भारती,सावित्री सिंह, लता गूजर,श्रीमती चौरे, ममता बड़ोनिया सहित अन्य महिलाओं गरबा डांडिया एवं महा आरती के कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# रामलीला मंचन का पांचवां दिन, बड़ी संख्या में पहुंच रहे दर्शक

**भैंसदेही, देशबन्धु।** रामलीला मंचन पांचवें दिन वन में पहुंच कर भरत चित्रकूट में श्रीराम से मिलते इस प्रसंग को कलाकारों द्वारा आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया। भरत का मार्मिक अभिनय करने वाले गौरव राठौर की सबने सराहरना की। खरदूषण का अभिनय संतोष पाल एवं मोनू तिवारी द्वारा किया गया। सूर्पनखा का सुंदर अभिनय सुरेश चौहान द्वारा किया गया।

# अवैध कच्ची शराब के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी, 2 आरोपियों पर कार्रवाई

**आठनेर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम झुनकारी में आठनेर नगर निरीक्षक राजन उईके के नेतृत्व में कच्ची शराब अड्डे पर छापेमारी कर 7 लाख रुपए से अधिक का महुआ लाहन नष्ट कर 2 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

आठनेर थाना कार्यालय से इस कार्यवाही का प्रेस नोट जारी कर बताया है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री कमला जोशी एसडीओपी भूपेन्द्र सिंह मौर्य के निर्देश पर आठनेर पुलिस ने महाराष्ट्र राज्य के मोर्शी थाना के पुलिसकर्मी की मदद पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट करने कार्यवाही की है। वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर इस तरह कार्यवाही करने निर्देश दिए थे। नगर निरीक्षक राजन उईके ने अपने पुलिस टीम के सदस्य के आरक्षक मनीष पटेल वाहन चालक किशोर साहु श्रीराम लोखंडे प्रवीण केरूवरकर की मदद से पहाड़ी इलाकों में अवैध शराब के अड्डों का पता लगाकर घेराबंदी कर 36 ड्रम महुआ लहान नष्ट करने कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में विशेष रुप से सब इंस्पेक्टर मांगीलाल ठाकरे प्रधान आरक्षक पंकज वटके का भी विशेष सहयोग मिला है। पुलिस ने सहाब राव पिता शैषराव बैले जितेंद्र पिता पन्नू इवाने पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

*मानव दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए लोगों को किया जागरुक*

# रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर पुलिस ने चलाया ऑपरेशन स्टॉर्म

**मुलताई, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल से मानव दुर्व्यापार की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन स्टार्म के तहत मुलताई पुलिस ने शुक्रवार नगर में यह अभियान चलाया गया। एसपी सिद्धार्थ चौधरी, एएसपी कमला जोशी, एसडीओपो सुरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन से थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम गठित की गई।

इस टीम ने हयूमन ट्रैफिकिंग एंड स्मगलिंग माईग्रेट्स यूनिटस विषय पर चल रहे आपरेशन स्टार्म मेकर अभियान के तहत थाना मुलताई क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं मुख्य स्थान पर आमजनों के मूवी वीडियो दिखाकर, मौखिक रूप से मानव दुर्व्यापार की रोकथाम एवं प्रतिबंध लगाये जाने हेतुलोगों को जागरूक किया है।उक्त कार्यवाही में थाना मुलताई प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ,उनि आम्रपाली डाहत,सोनू ठाकुर, मोनिका की मुख्य भूमिका रही है। टीआई ने बताया कि शहर के सार्वजनिक स्थलों रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, होटलों आदि पर पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। मानव दुर्व्यापार जैसे संगठित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। इस प्रकार के अपराधों के प्रति सजगता बरतने व इन अपराधों से बचने, इस प्रकार के घटित होने वाले अपराधो के संबंध मे तत्काल पुलिस को अवगत कराने और इस प्रकार के अपराधों को न तो स्वयं करने और नही दूसरों को करने देने की हिदायत दी गई। साथ ही पुलिस तथा अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाईन नंबर हमेश अपने पास रखने की समझाईश दी गई।

**मानव दुर्व्यापार से जुड़े अपराधों को रोकना है अभियान का उद्देश्य:** पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन स्टॉर्म मेकर्स-2 का मूल उद्देश्य मानव दुर्व्यापार से जुड़े अपराधों की रोकथाम एवं शोषित वर्ग विशेषकर महिला एवं बच्चों को समाज के केन्द्र बिन्दु में लाना, मानव दुर्व्यापार एवं महिलाओं को लेकर समाज में व्याप्त कुप्रथाओं एवं कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साथ ही मानव दुर्व्यापार के सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, मानव दुर्व्यापार एवं महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम में समाज की सकारात्मक भूमिका जरूरी है।

## सार समाचार

### नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, कठपुतली कला आदि से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान एवं इटारसी नगर में जिन मतदान केन्द्रों में पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है। उन केंद्रो में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी की छात्राओं द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुन्जय प्रताप सिंह बिसेन एवं प्राचार्य कन्या विद्यालय पुरानी इटारसी सपना गिरधारी के नेतृत्व में जोश के साथ विद्यालयों के आसपास की दीवारों पर मतदान करने के संबंध में स्लोगन लिखे तथा सैकड़ों छात्राएं एक साथ पुरानी इटारसी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर सहित पुरानी इटारसी की गली गली में जाकर मतदान के लिए जागरूक किया। इसके साथ साथ विलुप्त होती कठपुतली कला के माध्यम से भी मतदाता को जागरूक करने के संदेश दिये। इसके अलावा नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर शासकीय कन्या स्तर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने गीता चौधरी, सपना लोचकर, विवेक साहू, लेखराम प्रजापति विश्वनाथ तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम किए। शासकउमावि सूरजगंज इटारसी के स्टॉफ व छात्राओं ने जिला शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य अखिलेश शुक्ला के नेतृत्व में रैली निकाली व नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन भी किया। इसी क्रम में अभिभावकों से मतदाता संकल्प पत्र भी भरवाए गए।

### संस्थान में बाल श्रमिक कार्यरत पाए जाने पर नियोजक पर 30 हजार रूपए का जुर्माना

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बाल एवं किशोर अधिनियम के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स द्वारा संस्थानों में बाल श्रमिक पाए जाने पर नियोजको के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। शहर के एक संस्थान से 30 हजार रूपए का जुर्माना मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा अधिरोपित किया गया। सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बाल एवं किशोर अधिनियम के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स द्वारा संस्थानों में बाल श्रमिक पाए जाने पर नियोजक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गतदिन 1 बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। इस कार्यवाही में श्रम निरीक्षक सरिता साहू, सदस्य बाल कल्याण समिति रूचि अग्निहोत्री, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता मलखान सिंह एवं एएसआई सुखनंदन नर्रे मौजूद रहे। संस्थान के नियोजक से तत्काल क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक द्वारा 20 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति राशि बाल पुर्नवास निधि में जमा कराई गई तथा अवशेष वेतन की राशि 8 हजार 162 रूपए का भुगतान बाल श्रमिक को कराया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा नियोजक पर संस्थान में बाल श्रमिक कार्यरत पाए जाने पर 30 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

# कांग्रेस ने नए चेहरों को बनाया प्रत्याशी, कई जगह उठने लगे विरोध के स्वर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। गुरुवार देर रात को कोंग्रेस ने दूसरी सूची जारी की है। इस सूची में जिले की 4 विधानसभा सीटों के प्रत्याशी तय हुए हैं। होशंगाबाद सीट से पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, सोहागपुर से पुष्पराज पटेल, पिपरिया में गुरुकरण खरे और सिवनी मालवा से अजय बलराम पटेल को कांग्रेस की टिकट मिली है। गुरुवार से ही इन दावेदारों को बधाई मिलना भी शुरू हो चुकी है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा भाजपा से दो बार विधायक रह चुके है। 2003 से 2013 तक विधायक रहे। 2013 से उनके भाई डॉक्टर सीतासरन शर्मा विधायक है। गिरिजाशंकर शर्मा जनसंघ के समय से जुड़े रहे। करीब 45 साल उन्होंने जनसंघ एवं भाजपा में काम किया। कुछ साल से मान-सम्मान न मिलने व लगातार उपेक्षाएं होने से उन्होंने डेढ़ महीने पहले भाजपा से इस्तीफा दिया। 10 सितंबर को कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने के बाद से ही उन्हें होशंगाबाद विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर समझा जा रहा था। वहीं दूसरी सूची आने के बाद जिले में विरोध के सुर उठना शुरू हो गए है। जिन प्रत्याशियों के टिकिट कटे हैं उनके समर्थक काफी आक्रोशित हैं। कई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने गलत फैसला लिया है। हम इसका विरोध करते है। यदि टिकट नहीं बदली गई तो इसका परिणाम कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### सिवनीमालवा में मुखर हुए विरोध के स्वर

बीती रात सिवनीमालवा में पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी का टिकट कटने के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। शुक्रवार रात करीब 1:30 बजे सिवनी मालवा के पूर्व विधायक ओम प्रकाश रघुवंशी के निवास पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक के निवास पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुशील खत्री ने कहा कि जिसने कांग्रेस को सिवनी मालवा विधासनभा में जीवित रखा उसकी टिकट काटा जाना बहुत ही गलत निर्णय है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ता आहत है।

### 5 सालों से सक्रिय हैं सतपाल

सोहागपुर में कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल को उम्मीदवार बनाया है। यहां पिछले विधानसभा चुनाव में हार के बाद 5 साल से क्षेत्र में सक्रिय युवा नेता सतपाल पलिया का टिकट कांग्रेस ने काट दिया है। जिससे सतपाल पलिया व उनके समर्थक आक्रोशित है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डैमेज कंट्रोल में जुट गए है। इधर पिपरिया में स्थानीय दावेदार की उपेक्षा कर गुरूचरण खरे को टिकट मिली। कांग्रेसियों में नाराजगी है कि स्थानीय दावेदारों को मौका क्यों नहीं मिला। नर्मदापुरम-इटारसी विधानसभा में भी डेढ़ महीने पहले भाजपा से कांग्रेस में आएं गिरिजाशंकर शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। ऐसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व अन्य नेता जो दावेदारी कर रहे थे। वे आक्रोशित हो गए हैं।

### भाजपा ने नहीं की तीन विधानसभा सीटों की टिकट घोषित

जिले में भाजपा ने केवल सोहागपुर सीट का अपना प्रत्याशी तय किया है। यहां तीन बार के विधायक विजयपाल सिंह राजपूत को चौथी बार मौका दिया है। नर्मदापुरम-इटारसी, पिपरिया और सिवनी मालवा विधानसभा सीटों की टिकट तय नहीं हो पाई है। होशंगाबाद-इटारसी सीट को लेकर काफी खिंचतान चल रही है। वर्तमान विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा के समर्थन में समर्थक भोपाल टिकट मांगने जा चुके तो विधायक विरोधी भाजपा का दूसरा धड़ा परिवर्तन की मांग कर रहा है। वे विधायक डॉक्टर सीताशरन शर्मा के बजाय दूसरे नए चेहरे को टिकट देने की मांग कर रहा है। भाजपा से डॉक्टर सीतासरन शर्मा के साथ डॉक्टर राजेश शर्मा का नाम टॉप पर चल रहा है।

### भाई के सामने भाई को उतारने की रणनीति

लंबे समय से जन चर्चाओं में बनी नर्मदापुरम की होशंगाबाद इटारसी विधानसभा क्षेत्र में जहां कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के भाई गिरिजाशंकर शर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है तो वहीं अब लोग यह कयास लगा रहे हैं कि कहीं भाजपा डॉ सीतासरन शर्मा को प्रत्याशी बनाकर भाई के सामने भाई को न खड़ा कर दें। हालांकि भाजपा से कांग्रेस में आए गिरिजाशंकर शर्मा ने यह पहले ही साफ कर दिया था कि वे भाई के विरोध में नहीं आएंगे। जनचर्चा में लोग एक दूसरे से यही प्रश्न पूछते सुनाई दे रहे हैं कि यदि ऐसा होता है तो फिर क्या होगा..?

# निष्पक्ष और पारदर्शिता से समस्त निर्वाचन प्रक्रियाएं संपन्न : जिला निर्वाचन अधिकारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए शनिवार को प्रात: 11 बजे नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। जिसके साथ ही अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अधिसूचना जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, ग्राम पंचायत में प्रकाशित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टरेट में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नाम निर्देशन के संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक प्रपत्रों और सामग्रियों की वितरण की जानकारी ली। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला निर्वाचन कार्यालय से प्रेषित प्रारूप और सामग्रियो का उपयोग नाम निर्देशन में करें। किसी भी प्रकार की विसंगतियां न हो यह सुनिश्चित करें। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखें। निष्पक्ष और पारदर्शिता से समस्त निर्वाचन प्रक्रियाएं संपन्न कराएं। कलेक्टर ने विधानसभावार 12 डी के आवेदनों के वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर रंगाई , पुताई , मरम्मत आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में कैप लगाकर बाउंडओवर की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहें। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आपराधिक प्रवृत्ति एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ एनएसए एवं जिला बदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं में सख्त कार्रवाई करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सभी जिले मतदाता जागरूकता की गतिविधियों में तेजी लाएं। अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखें। अवैध धन, मदिरा, अवैध हथियार एवं अन्य मादक पदार्थ सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री के परिवहन पर अंकुश लगाए और अभियान चलाकर ऐसी सामग्री जब्त करें। एसएसटी, एफएसटी एवं वीएसटी दलों को पूरी तरह मुस्तैद एवं सतर्क होकर काम करने के लिए आदेशित करें। वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग की पुख्ता व्यवस्थायें करें। बैठक में जिले में स्थापित मतदाता हेल्प डेस्क नंबर 1950 का संचालन पूरी सक्रियता एवं गंभीरता से कराने के निर्देश दिए। हेल्पडेस्क पर मतदाताओं की ओर से आने वाली हर कॉल अटेंड की जाए और उसकी समस्या का समुचित समाधान किया जाए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत नागरिक सी-विजिल एप के माध्यम से करें, इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। 80 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग जो घर से ही मतदान करना चाहते हैं उनसे फॉर्म-12 डी भरवाकर सहमति लें। जिन मतदान केन्द्रों में 1550 से अधिक मतदाता हैं वहाँ के मतदाताओं को सुविधाजनक तरीके से वोट डालने की सुविधा प्रदान करने के लिये मुख्य मतदान केंद्र परिसर में या इसके समीप ही सहायक मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे, उसका प्रस्ताव भी जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही मतगणना स्थल का प्रस्ताव भी भेजें।

# महिलाओं ने गरबा नृत्य के साथ की माता की आराधना

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के नौगांव रोड स्थित पेप्टेक टाउन कॉलोनी में चल रहे 9 दिवसीय नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में बीती रात बुन्देलखण्ड के जाने-माने गायक खनिजदेव चौहान की भजन संध्या का रंगारंग आयोजन हुआ। खनिजदेव चौहान ने अपनी टीम के साथ देर रात तक कई प्रचलित भजनों के माध्यम से माता की आराधना की। खनिजदेव चौहान के साथ गायिका मान्यता श्रीवास्तव, अश्विनी, प्रभांशु आदि ने मंच पर अनेक भजनों के माध्यम से लोगों को शक्ति की भक्ति से जोड़ा। खनिजदेव चौहान के गीत मेरी विनती यही है माता रानी एवं भगवान शिव को समर्पित गीत हमारे भोले बाबा भक्तों की सुनते अर्जेंट हैं ने समां बांध दिया। इसके साथ ही मान्यता श्रीवास्तव ने भी कई शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कॉलोनी के राधाकृष्ण मंदिर में चल रहे इस उत्सव के दौरान बीती रात गरबा नृत्य का आयोजन भी किया गया। इस गरबा महोत्सव के दौरान कॉलोनी की महिलाओं ने सुंदर वेशभूषा में नृत्य के माध्यम से माता की आराधना की। इस मौके पर समिति के सभी लोग एवं कॉलोनी के निवासी मौजूद रहे।

# तिवारी ने कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस छोड़ी

- नीरज दीक्षित पर लगाए गंभीर आरोप, सपा से लड़ सकते हैं चुनाव

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बीच अंतर्कलह की तस्वीर खुलकर सामने आ गयी है। पार्टी के द्वारा यहां वर्तमान विधायक नीरज दीक्षित को दोबारा टिकिट दिए जाने से नाराज टिकिट के दावेदार अजय दौलत तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ को इस्तीफा भेजते हुए बगावत का ऐलान कर दिया है। माना जा रहा है कि वे महाराजपुर सीट पर समाजवादी पार्टी की टिकिट से प्रत्याशी हो सकते हैं।

शुक्रवार को अजय दौलत तिवारी ने नौगांव के कैफेटेरिया में एक प्रेस कांफ्रेंस करते हुए साफ कर दिया कि वे पार्टी द्वारा नीरज दीक्षित को दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने लगातार 5 साल से धोखे और साजिश करने वाले विधायक नीरज दीक्षित को ही टिकिट दे दिया है जो कि कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता को मंजूर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक नीरज दीक्षित का पूरा परिवार 5 वर्षों तक भ्रष्टाचार में लिप्त रहा। क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों में घटिया गुणवत्ता और कमीशनखोरी की जा रही है। क्षेत्र की जनता ने उन्हें महल की राजनीति के खिलाफ मैदान में उतारा था लेकिन उन्होंने क्षेत्र की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि जनता इस बार उन्हें माफ नहीं करेगी। श्री तिवारी ने कहा कि नीरज दीक्षित के द्वारा निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ खुलकर काम किया गया, वे भाजपा के एजेंट की तरह काम करते रहे और इसके सबूत भी पार्टी को सौंपे गए थे फिर भी बगैर किसी सर्वे के उन्हें टिकिट दिया गया जिससे हम सभी कार्यकर्ता पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर हैं। सपा से चुनाव लड़ने के सवाल पर अजय दौलत तिवारी ने कहा कि फिलहाल वे अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे हैं हालांकि समाजवादी पार्टी के नेताओं से उनका संवाद जारी है। माना जा रहा है कि वे सपा से महाराजपुर सीट के प्रत्याशी तय कर दिए गए हैं सिर्फ सूची आने की देरी है।

# अवैध शराब के साथ 2 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर लागू की गई आचार संहिता का पालन कराने के लिए जिले में पुलिस चैकिंग एवं नाका बंदी जारी है। इसी क्रम में बीती रात सिविल लाइन पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर देरी रोड के महर्षि स्कूल के पास एक चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 16 सी 5059 को रोककर तलाशी ली तो कार में 9 पेटी अवैध शराब मिली। पुलिस ने कार में मौजूद ग्राम देरी निवासी दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मुताबिक कार से कुल 78 लीटर शराब मिली है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 हजार 400 रुपए है। इसके अलावा पुलिस ने कार को भी जप्त कर लिया है। कार्यवाही में सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह रावत, प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा, आरक्षक धर्मेन्द्र सिरवैया, चन्द्रशेखर, नरेश, मुकेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कमलेश पाण्डेय के निधन पर स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन कार्यालय में हुई शोकसभा

**छतरपुर, देशबन्धु।** होटल ओम साईं राम में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन कार्यालय में संगठन के उपाध्यक्ष पत्रकार कमलेश पाण्डेय के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। संगठन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कमलेश पाण्डेय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की उन्होंने कहा कि पाण्डेय निर्विवाद पत्रकार के साथ सामाजिक एवं मिलनसार सज्जन व्यक्ति थे। सभी सदस्यों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। संगठन के सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पाण्डेय के निधन से संगठन की अपूर्णीय छति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, बृज किशोर अग्रवाल, जगदीश मिश्रा एवं चरण पादुका जन कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रभात तिवारी कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, नारायण दास गुप्ता, सचिव उत्सव तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गांधी आश्रम में शोकसभा कल

वरिष्ठ पत्रकार दैनिक देशबन्धु भोपाल के जिला ब्यूरो चीफ, आदर्श जिला पत्रकार के अध्यक्ष स्वर्गीय कमलेश पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार, 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे, छत्रसाल चौराहा स्थित गांधी आश्रम में एक शोकसभा का आयोजन किया जा रहा है। कमलेश पाण्डेय से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों से निवेदन है कि श्रद्धांजलि सभा में पधारकर कमलेश पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने का कष्ट करें।

# सरपंच ने महिला से की छेडखानी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**घुवारा, देशबन्धु।** गांब का मुखियां ही जब अपराध करने लगे तो अन्य लोगो को कौन रोक सकता है ऐसा ही मामला एक सामने आया है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है कि जहां सरपंच जो गांब का एक जिम्मेदार नागरिक होने के बाबजूद भी महिलाओ को बुरी नियत से देखकर उनके साथ छेडखानी करने लगे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि उपथाना घुवारा के ग्राम विश्वा के सरपंच कटारी चढार द्वारा गांब की एक 24 वर्षीय लोधी महिला के साथ बुरी नियत से छेडखानी की है महिला ने उपथाना आकर लिखित आवेदन देते हुये पुलिस को बताया है कि में अपने घर मे चक्की चलाने का काम करती हूं। तभी रात मे गांब के सरपंच कटारी चढार उम्र 55 वर्ष गेहूं पिसाने आये उसी समय मैरे पति शौच क्रिया करने के बाहर निकल गये मै घर मे अकेली थी चक्की चला रही मौके पर कोई न होने के कारण मौके का फायदा उठाते हुये सरपंच ने मेरा हाथ पकडकर जमीन मे गिरा दिया और मैरे साथ छेडखानी करने लगा मैने विरोध जताते हुये जोर से चिल्लाना शुरू किया तभी आबाज सुनकर मैरे देवर आये देवर को अंदर आते देख सरपंच मुझे छोडकर भाग गया महिला के आवेदन पर उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते ने घुवारा उपथाना के लिए तैनात महिला उपनिरीक्षक बमौरी चौकी प्रभारी सरिता रजक को सूचना दी उपनिरीक्षक सरिता रजक मे महिला के कथन लेते हुये बही सरपंच कटारी चढार पर अपराध क्रं.243/23 धारा 354 छेडखानी का मामला दर्ज करते हुये महिला के 164 के व्यान दर्ज कराये फिलहाल आरोपी सरपंच फरार चल रहा है

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**ईशानगर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष वा स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस व सीआईएसएफ बल के 69 जवानों ने ईशानगर और ग्राम पहाडगांव में फ्लैग मार्च निकाला। ईशानगर में महावीरन तालाब, रेल्वे स्टेशन, छतरपुर रोड, कुर्रा रोड, पचेर रोड से थाने तक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में ईशानगर थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा सहित संपूर्ण स्टाफ शामिल था। इस दौरान पुलिस ने आमजन से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# नौगांव नपा उपाध्यक्ष तिवारी कर सकते हैं साइकिल की सवारी

### टिकट वितरण के 6 दिन बाद महाराजपुर विधानसभा में बगावत

*__नौगांव, देशबन्धु।__ महाराजपुर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के टिकट वितरण के बाद बगावत शुरू हो गई है। महाराजपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहे नौगांव नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी ने कांग्रेस की पहली लिस्ट घोषित होने के 5 दिन बाद क्षेत्रीय विधायक नीरज दीक्षित के ऊपर पार्टी के साथ गद्दारी करने के बावजूद भी प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उपाध्यक्ष दौलत तिवारी के समर्थन में कांग्रेस के एक पार्षद सहित एक दर्जन से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने भी इस्तीफा दिया है। कांग्रेस से इस्तीफा के बाद आगामी एक दो दिनों में अजय दौलत तिवारी महाराजपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हो सकते हैं।*

*नौगांव नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से दावेदारी कर रहे अजय दौलत तिवारी ने शुक्रवार की दोपहर एक निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर टिकट न मिलने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। दौलत तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पार्टी ने निष्ठावान कार्यकर्ता को दरकिनार करते हुए पार्टी के साथ गद्दारी करने, धोखेबाजी करने के मामले में शामिल क्षेत्रीय विधायक नीरज दीक्षित को एक फिर से प्रत्याशी घोषित किया है। तिवारी ने कहा कि किस तरह से क्षेत्रीय विधायक ने भाजपा का एजेंट बनकर चारों नगरीय निकाय में भाजपा के अध्यक्ष बनवाए, किस तरह से जनपद अध्यक्ष के चुनाव में उनकी मां ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को वोट दिया। इसके अलावा किस तरह से विधायक के द्वारा रेत के अवैध व्यापार में संलिप्त, अधिकारियों से लूट खसोट के कारण प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने मुझसे कहा था कि हमें महाराजपुर में दूसरा विकल्प चाहिए , सर्वे रिपोर्ट के टिकट दिए जाएंगे। लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों ने सर्वे के एक तरफ रखते हुए भाजपा ने एक बार फिर सामंतशाह, महल को टिकट दिया तो वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी कांग्रेस से गद्दारी करने वाले भाजपा के एजेंट को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, इस सबसे आहत होकर अब इस पार्टी में कार्य नहीं कर सकता। इसलिए दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। अपनी विधानसभा परिवार के लोगों से सलाह मशविरा के बाद आगामी दिनों में अगला कदम उठाएंगे। दौलत तिवारी के साथ इस्तीफा देने वालों में कांग्रेस से पार्षद ताहिर मंसूरी, नरेंद्र शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया है।*

***दौलत तिवारी कर सकते हैं साइकिल की सवारी :*** *कांग्रेस से इस्तीफा के पहले कांग्रेस नेता दौलत तिवारी लखनऊ जाकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक नपा अध्यक्ष दौलत तिवारी की मंगलवार बुधवार को दिनों में दो बार समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात हो चुकी हैं। जिसमें अखिलेश यादव ने महाराजपुर विधानसभा से दौलत तिवारी के टिकट को लेकर हरी झंडी दे दी हैं। सूत्रों के मुताबिक आगामी एक दो दिनों में महाराजपुर विधानसभा से अजय दौलत तिवारी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं।*

लटेरी की चुनावी सभा में शिवराज ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले-

# खड़गे जी जवाब दें, अखिलेश को धोखे में क्यों रखा

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन बनाया है। इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी न तो देश का विकास कर सकती है और न ही मध्यप्रदेश का। इंडी गठबंधन का ये हाल हुआ है कि, एक दिल के टुकड़े हजार हुए एक यहां गिरा एक वहां गिरा। अखिलेश कह रहे हैं इंडी गठबंधन और कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया है। खड़गे जी जवाब दीजिए, आपकी पार्टी ने धोखा क्यों दिया है? कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व बताए कि अखिलेश यादव को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने धोखे में क्यों रखा ? बेटों को बचाने के चक्कर में मध्यप्रदेश में कांग्रेस का सत्यानाश हो रहा है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा जिले की सिरोंज विधानसभा के लटेरी में पार्टी प्रत्याशी श्री उमाकांत शर्मा के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कही। जनसभा के पहले मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सलकनपुर में माता रानी के दर्शन कर प्रदेश की जनता के सुख-समृध्दि एवं मंगल व कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल करते हुए कहा कि खड़गे जी जवाब दे, कमलनाथ जी ने इंडी गठबंधन की रैली मध्यप्रदेश में क्यों रद्द की....? खड़गे जी जवाब दें, क्या आपकी पार्टी ने इंडी गठबंधन को धोखा नहीं दिया है..? उन्होंने कहा खड़गे जी बताए क्या दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने अखिलेश को धोखे में नहीं रखा। अखिलेश यादव कह रहे थे कि, कांग्रेसियों ने धोखा दिया, रात भर बैठाया, सालभर बात की और हमें सीट ही नहीं दी अब हम अलग लड़ेंगे। आप वाले भी निकलकर भाग गए कि, हम नहीं आ रहे हैं। हम भी अलग जाएंगे।

### सिरोंज के विकास को नई दिशा मिली

श्री चौहान ने कहा कि मोदी जी की लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था जो बनने से पहले ही टूट रहा है। यह अजीब गठबंधन है, दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती। उन्होंने कहा कि, अखिलेश यादव जी कह रहें हैं कि, कांग्रेस ने उन्हें और समाजवादी पार्टी को धोखा दिया है। अखिलेश जी जिन अपशब्दों का प्रयोग कर रहें हैं इससे उनके मन की स्थिति समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस आपस में भी धोखा दे रही है। कुछ टिकट कमलनाथ जी ले गए, कुछ दिग्विजय जी ले गए और बाकी सब हाथ मलते रह गए। ये अपने पुत्रों को स्थापित करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेसी तो एक दूसरे को ही गाली दे रहे हैं, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह अभी तो आपस में ही भिड़े हैं। कमलनाथ कह रहे हैं, मैंने थोड़ी टिकट दिया है, कपड़े फाड़ने हैं तो दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह के फाड़ो। धन्य हैं ऐसे नेता जो अपने साथी के कपड़े फड़वा रहे हैं। जिस नेता में यह दम ही नहीं हो कि मैंने किया है तो क्या वह नेता, नेता कहलाने के लायक है ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस कि स्थिति ये है कि कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कह रहे हैं कि छिंदवाड़ा का टिकट मैं बाटूँगा। वहीं से घोषित कर देते हैं। ये अपने बेटे को बनाने की जुगाड़ में हैं लेकिन बेटों के चक्कर में पार्टी का ही सत्यानाश हो रहा है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, ये इंडी गठबंधन और कांग्रेस आपका भला नहीं कर सकती है। भला करने वाली पार्टी एक ही है भारतीय जनता पार्टी और देश का नेता एक ही है नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मध्यप्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है।

## कांग्रेस विधायक कुशवाह और भाजपा नेता राकेश सिंह बसपा में शामिल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सुमावली विधानसभा से कांग्रेस के विधायक अजब सिंह कुशवाह का कांग्रेस ने टिकट काटे जाने के बाद उन्होंने आज बसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। वहीं भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के बेटे राकेश सिंह ने भी बसपा का दामन थाम लिया। राकेश मुरैना से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। बताया जाता है कि इन दोनों नेताओं को इनके क्षेत्रों से बसपा टिकट देगी।

## टिकट कटने के बाद कांग्रेस विधायक मावई ने दिखाए बगावती तेवर

**मुरैना, देशबन्धु।** मुरैना के कांग्रेस विधायक राकेश मावई ने उनका टिकट काटे जाने के बाद एक तरह से बगावती तेवर दिखाते हुए आज सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी कि वे पार्टी के लिए कार्य नहीं करेंगे। श्री मावई ने यहां मीडिया से कहा कि वे किसी और पार्टी में भी नहीं जाएंगे और कांग्रेस के लिए काम भी नहीं करेंगे। श्री मावई ने प्रदेश के पार्टी नेतृत्व से जानना चाहा कि उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि उनका टिकट क्यों काटा गया। उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शायद उनका यह कसूर था कि उन्होंने अपने दस वर्ष के जिला अध्यक्षीय कार्यकाल में मुरैना जिले की छह की छह विधानसभा सीट पार्टी के लिए जितवायीं। श्री मावई ने कहा कि उन्होंने विधानसभा उपचुनाव में 'सिंधिया परिवार' से अपने परिवार के लगभग 40 साल के संबंधों को तिलांजलि देकर कांग्रेस का साथ दिया और उन्होंने स्वयं मुरैना की सीट जीतकर कांग्रेस को दी।

उन्होंने नाराजगी जताते हुए दोहराया कि अब वे और उनके समर्थक पार्टी के लिए कार्य नहीं करेंगे और इसके नतीजे विधानसभा चुनाव परिणाम में दिखेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अब कांग्रेस मुरैना जिले में सभी छह सीट पर पराजय का सामना करेगी। कांग्रेस की ओर से शुक्रवार की रात जारी प्रत्याशियों की सूची में मुरैना से मौजूदा विधायक श्री मावई के स्थान पर श्री दिनेश गुर्जर को टिकट दिया गया है। इसके बाद से ही श्री मावई और उनके समर्थक नाराज हैं।

कांग्रेस ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

# मप्र में 18 साल में अर्थव्यवस्था हुई खस्ताहाल : सुप्रिया

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के 18 सालों में अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो गई है कर्ज बेतहाशा बढ़ा है।

उन्होंने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार पर क़रीब चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज़ा है, इसके बाद क़रीब 20 हज़ार करोड़ रुपए से ज़्यादा सरकार ब्याज चुकाती है। राज्य के प्रति व्यक्ति पर 40 हजार रुपए से ज़्यादा का कर्ज है। कर्ज़ में डूबी हुई सरकार में भ्रष्टाचार भी बेलगाम है। उन्होंने कहा कि कर्ज का सीधा संबंध बेरोज़गारी से है। राज्य के दो करोड़ युवाओं के भविष्य की कोई बात ही नहीं कर रहा। 40 लाख से ज़्यादा बेरोज़गार रोजगार केंद्र पर पंजीकृत थे जिनमें से मात्र 21 लोगों को नौकरी मिली। नौकरी ना मिलने का सबसे बड़ा कारण है कि यहाँ निवेश नहीं आ रहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शिक्षा का बुरा हाल है। भर्ती घोटालों की वजह से बच्चों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने पर एक से आठ कक्षा तक के छात्रों को 500 रुपये प्रति महीना, नौ और 10 कक्षा के छात्रों को 1000 रुपया और 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को 1500 रुपये प्रति महीना देंगे। श्रीमती श्रीनेत ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश के लोगों की औसत आय 1.2 लाख रुपए है, जबकि देश की औसतन आय 1.48 लाख रुपए है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान के धान और गेहूं को उचित दाम मिलेगा, 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा बीमा योजना मिलेगी, नारी सम्मान योजना के अन्तर्गत डेढ़ हजार रुपये महीना और 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। रिक्त सरकारी पद भरे जाएँगे, तेंदूपत्ता प्रति बोरा 4000 रुपये दिये जायेंगे।

भाजपा नेता विश्वास सारंग ने कांग्रेस को घेरा, कहा-

# कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान सड़क पर आई

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की दूसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी की अंदरूनी खींचतान सड़क पर आ गई है। पार्टी की जो कपड़ा फाड़ राजनीति बंद कमरों के अंदर चल रही थी, वो अब सार्वजनिक हो गई है। वहीं, गुटों और गिरोहों में बंटी कांग्रेस में अपने-अपने साम्राज्य, अपने छत्रपों और अपने-अपने गुर्गों को स्थापित करने की रस्साकशी उजागर हो गई है। दोनों सूचियों से उपजे असंतोष से कांग्रेस पार्टी तार-तार हो गई है और चुनाव में वह दो अंकों तक भी नहीं पहुंच सकेगी। यह बात प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया से चर्चा करते हुए यह बात कही।

श्री सारंग ने कहा कि अभी कुछ समय तक प्रदेश कांग्रेस के जो दो नेता गलबहियां डाले घूम रहे थे और प्रदेश में सरकार बनाने की डींगें हांक रहे थे, उनका असली मंतव्य कांग्रेस की दोनों सूचियों से सामने आ गया है। श्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस की पहली सूची आने के बाद कमलनाथ ने कपड़े फाड़ने की बात की, तो दिग्विजय सिंह ने मीडिया के सामने उनकी गलतियों को उजागर किया। लेकिन दूसरी सूची आने के बाद तो पार्टी में विरोध और असंतोष इतना तीव्र हो गया है कि उम्मीदवारों की सूची से ज्यादा लंबी इस सूची के विरोध में इस्तीफा देने वालों की सूची हो गई है। श्री सारंग ने कहा कि गुटों और गिरोहों में बंटी कांग्रेस में टिकटों के लिए बोलियां पहले भी लगती रही हैं। लेकिन इस बार तो सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गए। इस बार यह तय करने के लिए भी बोलियां लगी कि बोली कौन लगाएगा। दिग्विजय सिंह लगाएंगे, कमलनाथ लगाएंगे, नकुलनाथ लगाएंगे या जयवर्धन लगाएंगे।

### अपना ही गोल मारकर आउट हुई कांग्रेस

श्री सारंग ने कहा कि सूची जारी होने से पहले तक कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं से वादे करती रही। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह यह दावे करते रहे कि टिकट उसी को मिलेगी, जिसके बारे में सर्वे रिपोर्ट पॉजीटिव होगी। लेकिन जब सूचियां जारी हुईं तो सर्वे पीछे छूट गया और इन सूचियों ने बता दिया कि कांग्रेस में सर्वे सर्वा कौन है। श्री सारंग ने कहा कि इन सूचियों के जारी होने के बाद कांग्रेसियों के जो विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, उनसे कांग्रेस की गुटबाजी ही प्रकट होती है। लेकिन इन सूचियों के जारी होने के बाद मची खींचतान ने कांग्रेस पार्टी को तार-तार कर दिया है और अब चुनाव में कांग्रेस दो अंकों तक सिमट कर रह जाएगी।

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग से की कार्रवाई की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर जिले की राऊ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के झंडे घरों पर लगाने पर धमकाने के मामले में भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने निर्वाचन आयोग से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि घरों पर झंडा लगाने पर एक मामला 19 अक्टूबर की रात को करीब 9 से 10 बजे सामने आया, जिसकी शिकायत प्रार्थी विकास चौहान ने थाना भंवर कुवा में की है। उन्होंने कहा कि पार्थी विकास चौहान ने स्वयं की मर्जी से अपने घर पर झंडा लगाया हुआ था। एक वाहन से मुस्तफा एवं आलोक जैन नाम के व्यक्ति घर पर 19 अक्टूबर 2023 की रात को करीब 9 से 10 बजे के करीब आए। वह धमकी देकर गए कि भाजपा का बहुत काम कर रहे हो काम बंद कर दो वरना बहुत बुरा होगा।

आज यानी 20 अक्टूबर 2023 की सुबह उक्त दोनों व्यक्ति वापस आए और पत्नी को धमकी दी कि झंडा निकाल दो, जिस वाहन से यह लोग आए थे उस वाहन के पीछे की तरफ विधानसभा क्रमांक -01 और आगे की तरफ विधानसभा क्रमांक-03 का परमिशन का पर्चा चिपका हुआ था। राऊ विधानसभा में आने की उनके पास कोई अनुमति नहीं थी।

भारत-कनाडा राजनयिक विवाद पर बोले बागची

# समानता के लिए हमने सही कदम उठाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और कनाडा के बीच विवाद थम नहीं रहा है। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंसियों के शामिल होने के आरोप के बाद से ही भारत-कनाडा के बीच राजनयिक रिश्तों में दारा पड़ गई है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच भारत ने कनाडा के आरोपों को बेबुनियाद बताया। साथ ही भारत ने कनाडा पर कई कठोर प्रतिबंध लगा दिए।

भारत ने तय मानकों से ज्यादा देश में कनाडाई राजनयिक उपस्थिति पर सवाल खड़े करते हुए उन्हें संख्या घटाने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद से ही दोनों देशों में दरार ज्यादा बढ़ गई। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मामले पर बयान जारी किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने भारत में कनाडाई राजनयिक उपस्थिति के संबंध में कनाडा सरकार का गुरुवार को दिए गए बयान के देखा। भारत में कनाडाई राजनयिकों की बहुत अधिक संख्या है, यहां तक कि हमारे देश के आंतरिक मामलों में हमेशा से उनका हस्तक्षेप रहा है। नई दिल्ली और ओटावा में आपसी राजनयिक उपस्थिति में समानता की गारंटी है। इसे लागू करने के लिए हम लगातार कनाडा के साथ जुड़े रहे। हमारे द्वारा समानता को लागू करने के लिए उठाए गए सभी कदम सही हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में वियना कन्वेंशन का अनुच्छेद 11.1 का भी जिक्र किया गया। अनुच्छेद का जिक्र करते हुए कहा कि मिशन के आकार के बारे में विशिष्ट समझौते की अनुपस्थिति में प्राप्तकर्ता राज्य को यह आवश्यकता हो सकती है कि राजनयिकों का आकार उसके द्वारा मानी जाने वाली सीमा के भीतर रखा जाए। प्राप्तकर्ता राज्य की परिस्थितियों शर्तों तथा विशेष मिशन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित और सामान्य है। वहीं विदेश मंत्रालय ने सख्त लहजे में कहा कि हम पूरी तरह से कनाडा द्वारा लगाए गए आरोपों को अस्वीकार करते हैं।

इसरो के गगनयान मिशन की तैयारी पूरी

# श्रीहरिकोटा से आज पहली परीक्षण उड़ान भरेगा टीवी-डी1

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने गगनयान मिशन को लेकर लगभग तैयारियां पूरी कर ली है। गगनयान मिशन के तहत टीवी-डी1 अपने पहली परीक्षण के लिए आज उड़ान भरेगा। जिसे सुबह आठ बजे श्रीहरिकोटा से भेजा जाएगा। इससे ही मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को पंख लग जाएंगे। कार्यक्रम से जुड़े जानकारों के मुताबिक, पहले परीक्षण उड़ान के नतीजों के आधार पर अन्य परीक्षण किए जाएंगे। इस दौरान क्रू मॉड्यूल को परखा जाएगा। जिसमें क्रू एस्केप प्रणाली भी शामिल है। बता दें कि गगनयान का यह हिस्सा तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने में इस्तेमाल किया जाएगा। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए 400 किलोमीटर की लो अर्थ ऑर्बिट पर मानव को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। यह परीक्षण श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इसमें क्रू मॉड्यूल की उड़ान, उसे वापस उतारने और समुद्र से रिकवर करने की प्रक्रियाएं शामिल होंगी। मॉड्यूल को वापसी में बंगाल की खाड़ी में उतारा जाना है। जिसे भारतीय नौसेना द्वारा रिकवर किया जाएगा। इसके के लिए नौसैनिकों का एक गोताखोर दल बनाया गया है। साथ ही मिशन के लिए एक जहाज को भी तैयार किया जाएगा। चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और सूर्य के लिए आदित्य-एल 1 के सफल प्रक्षेपण के बाद गगनयान मिशन भारत को खगोल विज्ञान पर काम कर रहे अग्रणी देशों में शामिल करेगा।

### क्रू-एस्केप से बचेगा जीवन

इसरो के मुताबिक, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मिशन में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगा, कुछ समय उड़ेगा और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा। इसरो ने कहा कि उड़ान भरने के लगभग 60 सेकंड बाद परीक्षण वाहन क्रू एस्केप सिस्टम के साथ 11.7 किमी की ऊंचाई पर वाहन (टीवी) से अलग हो जाएगा और अगले 30 सेकंड बाद सीएम-सीईएस 148.7 मीटर/सेकेंड के वेग से 16.7 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा। इसके बाद सीईएस को अलग करने और पैराशूटों की श्रृंखला की तैनाती के साथ शुरू होने वाले गर्भपात जैसी स्थिति को स्वायत्त रूप से निष्पादित किया जाएगा।

### अगले साल भेजा जा सकता है गगनयान

गगनयान भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन है, इसे अगले साल के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। टीवी-डी1 वाहन एक विकास इंजन का उपयोग करता है, जिसके अगले सिरे पर क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम लगा होता है। वाहन की लंबाई 34.9 मीटर है, जबकि इसका भार 44 टन है।

# दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नामांकन भरेंगे भाजपा प्रत्याशी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो जाएगी। भाजपा प्रत्याशी दिग्गज नेताओं की मौजूदगी नामांकन दाखिल करेंगे।

बताया गया कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद राकेश सिंह जैसे प्रमुख नेताओं के नामांकन के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति इरानी, पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, अश्विन वैष्णव और असम के मुख्यमंत्री हेमेत बिस्वा सरमा जैसे केंद्रीय नेता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भी नामांकन रैलियों में शामिल होंगे।

बताया गया कि पार्टी ने लगभग डेढ़ सौ सीटों को चिन्हित किया है, जहां बड़े नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र भरवाया जाएगा। पार्टी का मानना है कि दिग्गज नेताओं के आने से पार्टी के प्रति माहौल बनेगा और कार्यकर्ता भी उत्साह के साथ चुनाव प्रचार में जुटेंगे।

उल्लेखनीय है कि शनिवार 21 अक्टूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों को जमा करने का काम आरंभ हो जाएगा। 30 अक्टूबर को अंतिम तिथि के पहले नवमीं और दशहरा जैसे त्योहार व साप्ताहिक अवकाश के कारण नामांकन पत्रों को जमा करने के लिए कम दिन मिलेंगे।

# निठारी कांड का आरोपी पंढेर लुक्सर जेल से रिहा

**नोएडा, देशबन्धु।** निठारी कांड का आरोपी मोनिंदर पंढेर लुक्सर जेल से रिहा हुआ। निठारी में डी5 नंबर की पंढेर की कोठी के पास पुलिस तैनात किया गया है। इसी साल जून में उसे गाजियाबाद की डासना जेल से लुक्सर लाया गया था। बीमार होने के चलते उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी नरसंहार में सीबीआई कोर्ट से फांसी की सजा पाए सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को दोषमुक्त करार दिया था। कोर्ट ने कहा कि पुलिस दोनों के खिलाफ आरोपी साबित करने में विफल रही। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने जांच पर नाखुशी जताते हुए कहा, जांच बेहद खराब थी सबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एजेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास से धोखाधड़ी है। हाईकोर्ट ने कहा, जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश कर उसे फंसाने का आसान तरीका चुना। ऐसी गंभीर चूक के कारण मिलीभगत सहित कई तरह के निष्कर्ष संभव हैं।

### डी-5 कोठी के बाहर पुलिस बल किया तैनात

### पंढेर पर 18 मासूमों की हत्या का था आरोप

कोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपी अपीलकर्ताओं की निचली अदालत से स्पष्ट रूप से निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं मिला। सीबीआई की विशेष अदालत ने 13 फरवरी 2009 को दोनों को दुष्कर्म और हत्या का दोषी मानकर फांसी की सजा सुनाई थी। पंढेर और कोली पर 18 मासूमों और एक महिला से दुष्कर्म व हत्या का आरोप था। इस मामले अदालत में पहला केस 8 फरवरी, 2005 को दर्ज किया गया था।

## मामलों के निपटारे में देरी से न्याय व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने मामलों के निपटारे में देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ती है तो वादियों का (न्यायिक प्रणाली से) मोहभंग हो सकता है। इसने यह भी कहा कि पुराने मामलों की त्वरित सुनवाई और निपटान सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देश जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने लंबित मामलों पर राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के देशव्यापी आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए बार और बेंच के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। पीठ ने पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 50 साल से अधिक समय से लंबित कुछ पुराने मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि कानूनी प्रक्रिया धीमी गति से चलने पर वादियों का मोहभंग हो सकता है। हमने अपनी पीड़ा व्यक्त की है जहां एनजेडीजी के अनुसार कुछ मुकदमे 65 साल से अधिक समय से लंबित हैं। न्यायमूर्ति कुमार ने कहा कि अगर यह देरी जारी रहेगी तो वादी न्यायिक प्रणाली में भरोसा खो देंगे। वादियों को बार-बार स्टे की मांग को लेकर सतर्क रहना चाहिए। उन्हें पीठासीन अधिकारियों की अच्छाई को अपनी कमजोरी के रूप में नहीं लेना चाहिए। न्यायाधीशों ने लंबित मामलों से निपटने के लिए 11 निर्देश जारी किए। पीठ ने कहा कि पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों की निगरानी संबंधित उच्च न्यायालयों द्वारा किए जाने की आवश्यकता है।

# मानहानि मामले से हटे महुआ मोइत्रा के वकील

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहादराई के खिलाफ दायर किए गए मानहानि मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

इस दौरान वकील जय अनंत देहादराई ने आरोप लगाया कि महुआ मोइत्रा के वकील गोपाल शंकर नारायणन ने गुरुवार को उनसे संपर्क कर मोइत्रा के खिलाफ दर्ज शिकायत को वापस लेने को कहा था। देहादराई ने दावा किया कि उनके पास उनके और शंकर नारायणन के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है। देहादराई ने हितों के टकराव का आरोप लगाकर वकील शंकर नारायणन को सुनवाई से हटाने की अपील की। पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों से घिरी और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के सरकारी गवाह बनने व लोकसभा की आचार समिति को हलफनामा देने के बाद टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का भी जवाब सामने आया है। आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वे सीबीआई व लोकसभा की आचार समिति के सामने सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। महुआ की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी के द्वारा लोकसभा की आचार समिति को दिए एक हलफनामें दावा किए जाने के एक दिन बाद आई है,जिसमें स्वीकार किया है कि उन्होंने अपना संसद लॉगिन और पासवर्ड दिया था,ताकि वह उनकी ओर से सीधे प्रश्न पोस्ट कर सकें। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस मामले में सीबीआई और आचार समिति जिसमें भाजपा सदस्यों का बहुमत है, को सवालों के जवाब देने के का स्वागत करती हैं,अगर वे उन्हें बुलाते हैं।

### दर्शन हीरानंदानी ने आचार समिति को सौंपा हलफनामा

पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा सामनें आ जाने के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। उधर लोकसभा की आचार समिति ने इस मामले में सुनवाई तेज कर दी है। मामले में मोइत्रा की परेशानी बढ़ सकती है। समिति ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि उसे हीरानंदानी का शपथपत्र मिल गया है। जिसमें स्वीकार किया गया है कि सदन में सवाल पूछने के बदले महुआ को मंहगे उपहार व नकद दिए गए। आचार समिति के प्रमुख विनोद सोनकर ने बताया कि उन्हें दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा मिला है। समिति अब इस मामले की सुनचाई 26 अक्टूबर को करेगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।